रोहतक

रविवार 24 मई 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 109

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 44.1

न्यून. 24.6




7 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड रवाना हुई महिला टीम, स्क्वाड में शामिल 15 खिलाड़ी

## बाबा बर्फानी प्रकट हुए, 7 फीट का शिवलिंग



- पवित्र गुफा की पहली तस्वीर जारी
- यात्रा 3 जुलाई से, सुरक्षा में तैनात जवानों ने दर्शन किए
- बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे
- श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी।

### रास्ते में अब भी 12 फीट तक बर्फ जमी

- इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।
- इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी।
- फाइबर स्ट्रक्चर तापमान में अचानक गिरावट और बारिश से निपटने में कारगर रहेंगे। हर इमारत में 48 कमरे हैं। हर कमरे में अटैच्ड वॉशरूम हैं। गर्म-ठंडे पानी की सुविधाएं होंगी।
- हर इमारत में पैंट्री भी बनाई जा रही है। इन जगहों पर तीन साल पहले काम शुरू हुआ था, जो अब पूरा होने वाला है।



दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश, कहा- डब्ल्यूएफआई की नीति भेदभावपूर्ण

# एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में शामिल हो सकेंगी विनेश

### खेल संगठन खिलाड़ियों के हित में काम करें न कि बदले की भावना से



डब्ल्यूएफआई ने मातृत्व अवकाश से लौटने वाले खिलाड़ियों के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं रखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेसलर और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने शनिवार को कहा कि रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति मातृत्व अवकाश से लौटने वाले खिलाड़ियों के लिए अवसर नहीं देती, इसलिए यह भेदभावपूर्ण है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने निर्देश दिया कि चयन ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाए। साथ ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) और इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (आईओए) का एक-एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक भी मौजूद रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि खेल और न्याय के हित में विनेश को ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति देना जरूरी है। उनको जारी शो-कॉज नोटिस में उठाए गए मुद्दे "पहले से तय" और "बंद मामलों को दोबारा खोलने" जैसे लगते हैं। डब्ल्यूएफआई ने एंटी-डोपिंग नियमों का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून, 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। विनेश इसके खिलाफ हाईकोर्ट गई हैं।

### एक दिन पहले लगाई थी फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक दिन पहले ही भारतीय कुश्ती महासंघ को विनेश को घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलने से रोकने पर कड़ी फटकार लगाई थी। अदालत ने कहा था कि मशहूर खिलाड़ियों को पहले ऐसी छूट दी जाती रही है, फिर विनेश के साथ अलग व्यवहार क्यों। इस मामले में एक्सपर्ट पैनल बनाया जाए। मातृत्व अवकाश के बाद वापसी कर रही विनेश को ट्रायल में हिस्सा लेने का मौका मिलना चाहिए।

### 57 किलो वेट कैटेगरी में दिखाएंगी दम

विनेश फोगाट के ट्रायल मुकाबलों से पहले वेट कैटेगरी में बदलाव भी हुआ है। चोट के कारण रेसलर अंशु और सरिता ट्रायल से बाहर हो गई हैं। इसके बाद अब 57 किलो वेट कैटेगरी में विनेश का मुकाबला मनीषा भानवाला और नेहा शर्मा से होगा। मनीषा एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड और नेहा अंडर- 23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत चुकी है।

### मुझे जानबूझकर नोटिस दिए गए

यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट हो रहा था। विनेश गोंडा पहुंचीं और 3 मई को कहा- गोंडा में मैं प्रतियोगिता खेलने आई हूं। 27 अप्रैल को ही रजिस्ट्रेशन कराया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष चाहते हैं कि मैं कुश्ती छोड़ दूं। मुझे दो शो-कॉज नोटिस मिले हैं। मैंने शॉर्ट में जवाब दे दिया है, लेकिन वो 14 दिन वाला जवाब तुरंत मांग रहे हैं। मेरे खेलने से दो दिन पहले जानबूझकर ये नोटिस दे दिया गया। डब्ल्यूएफआई ने एंटी-डोपिंग नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले एथलीटों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि का हवाला देते हुए फोगाट को 26 जून, 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### एक घंटे तक थमी रही 160 यात्रियों की सांसें, जान आई




**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से रवाना हुआ एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान आईएक्स-1167 एयर टर्बुलेंस में फंस गया। दिल्ली का मौसम खराब होने के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली। इससे विमान यात्री कुछ देर के लिए भयभीत हो गए। हालांकि करीब एक घंटे के बाद विमान को सुरक्षित उतार लिया गया। *एजेंसी*

### सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश 3 अधिकारी बाल-बाल बचे



**लेह।** लद्दाख में लेह के पास पहाड़ी टैंगस्टे इलाके में एक हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से इंडियन आर्मी के तीन ऑफिसर बाल-बाल बच गए। यह चॉपर पुराने चीता फ्लीट का हिस्सा था, उसमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल, एक मेजर और एक मेजर जनरल सवार थे, और 20 मई को क्रैश हो गया, अधिकारियों ने शनिवार सुबह इस खबर की पुष्टि की। *एजेंसी*

### राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष बने चड्ढा



**नई दिल्ली।** आप पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चड्ढा को उच्च सदन यानी राज्यसभा की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इस समिति का पुनर्गठन करते हुए इसमें दस सदस्यों को नामांकित किया है। यह नियुक्ति तत्काल लागू हो गई है। *एजेंसी*

### ईडी की गिरफ्त में पंजाबी रियल एस्टेट कारोबारी

**चंडीगढ़।** ईडी ने पंजाब सरकार से भूमि उपयोग परिवर्तन की मंजूरी हासिल करने के लिए कथित फर्जी सहमति पत्र जमा करने से जुड़े धनशोधन मामले में एक रियल एस्टेट कारोबारी को गिरफ्तार किया है। 'इंडियन कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी' के सचिव अजय सहगल को केंद्रीय एजेंसी के जालंधर कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुक्रवार को हिरासत में लिया। *एजेंसी*

*विदेश मंत्री रूबियो दिल्ली में पीएम से मिले*

## पीएम मोदी को दिया ट्रंप का अमेरिका आने का न्योता

दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक पर की चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो



गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रूबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है।

### भारत-अमेरिका में एक साल से तनाव जारी

रिपोर्ट के मुताबिक, रूबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब पिछले साल के मध्य से भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ मुद्दों को लेकर तनाव देखा गया था। माना जा रहा है कि इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के रिश्तों को फिर से मजबूत करना भी है। अब दिल्ली में रुबियो की बातचीत का सबसे बड़ा मकसद यही माना जा रहा है कि भारत यह समझ सके कि ट्रंप सरकार एशिया में आगे क्या रणनीति अपनाने वाला है और चीन के साथ उसके रिश्तों की दिशा क्या होगी। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगा दिए थे।

### अमेरिका और ईरान होर्मुज खोलने के लिए तैयार

अमेरिका और ईरान होर्मुज को खोलने के लिए तैयार हो गए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश सबसे पहले सीजफायर को 60 दिन के लिए और आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान होर्मुज को धीरे-धीरे खोला जा सकता है। एफटी ने यह जानकारी मध्यस्थों और बातचीत से जुड़े लोगों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को लेकर भी बातचीत शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आगे की बातचीत के लिए बुनियादी ढांचा भी तैयार किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। यहां तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल बाजार, शिपिंग और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ा था। ऐसे में अगर स्ट्रेट फिर सामान्य रूप से खुलता है तो इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों को राहत मिल सकती है। *(पेज-8 भी देखें)*

30 जून को थी रिटायरमेंट

### नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर मनीषा सस्पेंड



मामले में अब तक कुल 11 लोग हो चुके गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डॉ. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक हाई लेवल इंटरनल जांच कमेटी बनाई गई है। डॉ. गावड़े ने कहा- हमें इस नीट मामले के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वह क्या कर रही थीं, उन्हें कब नियुक्त किया गया था, या किसने नियुक्त किया था।

सिरसा में सबसे ज्यादा **101.73** रुपये प्रति लीटर हुए दाम

## पेट्रोल 87 व डीजल 91 पैसे महंगा 9 दिन में तीसरी बार बढ़ी कीमतें

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। हरियाणा में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 100.40 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.94 रुपये पर पहुंच गए हैं। तेल कंपनियों की ओर से जारी नई दरें शुक्रवार रात से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के साथ अधिकांश जिलों में पेट्रोल की कीमत 100.40 रुपये प्रति लीटर को पार कर गइ है। सिरसा में सबसे ज्यादा 101.73 रुपये प्रति लीटर रेट हो गए है। पानीपत और करनाल में अभी भी रेट 100 रुपये से नीचे ही है। बता दें कि 10 दिन में ईंधन की कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले इसी हफ्ते पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

अधिकांश जिलों में पेट्रोल की कीमत सौ के पार



### इसलिए बढ़ रही कीमतें

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। आगे पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ सकती हैं।

केंद्र ने 27.3 एकड़ जमीन वापस मांगी

## दिल्ली जिमखाना क्लब खाली करने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने लुटियंस दिल्ली स्थित ऐतिहासिक दिल्ली जिमखाना क्लब को 5 जून तक कैंपस खाली करने का ऑर्डर दिया है। केंद्र के लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 22 मई को क्लब सेक्रेटरी को लेटर भेजकर यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि सरकार को क्लब के कब्जे वाली 27.3 एकड़ जमीन डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, संस्थागत जरूरतों और दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए चाहिए। आदेश के मुताबिक राष्ट्रपति की ओर से जमीन लीज खत्म कर दी गई है। क्लब के सदस्य सिद्धार्थ ने कहा कि सरकार के आदेश को अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्लब से किसी सुरक्षा खतरे जैसी स्थिति नहीं है और आदेश में किए गए दावों पर पुनर्विचार होना चाहिए। दिल्ली जिमखाना क्लब की स्थापना ब्रिटिश काल में हुई थी। 1913 में यह इम्पीरियल दिल्ली जिमखाना क्लब नाम से शुरू हुआ था। आजादी के बाद इसका नाम बदलकर दिल्ली जिमखाना क्लब कर दिया गया। मौजूदा भवन 1930 के दशक में बनाए गए थे।

### 113 साल पुराना क्लब हाई-सोसायटी स्टेटस का प्रतीक



#### पीएम आवास के पास है क्लब ब्रिटिश आर्किटेक्ट ने बनाया

दिल्ली जिमखाना क्लब को मशहूर ब्रिटिश आर्किटेक्ट रॉबर्ट टोर रसेल ने डिजाइन किया था। उन्होंने ही कनॉट प्लेस और तीन मूर्ति भवन भी डिजाइन किए थे। यह क्लब प्रधानमंत्री आवास लोक कल्याण मार्ग के पास है, जिसके कारण यह इलाका हाई-सिक्योरिटी जोन माना जाता है।

#### क्लब में बैडमिंटन-टेनिस कोर्ट सहित कई सुविधाएं

पिछले 113 सालों से यह क्लब हाई-सोसायटी स्टेटस का प्रतीक रहा है। क्लब में 26 ग्रास टेनिस कोर्ट हैं, जो देश के किसी भी क्लब में सबसे ज्यादा बताए जाते हैं। इसके अलावा स्क्वैश कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बिलियर्ड्स रूम, स्विमिंग पूल, तीन लाउंज बार और 43 कॉटेज भी हैं। यह क्लब लंबे समय से नौकरशाहों, सेना प्रमुखों, जजों, राजनेताओं, उद्योगपतियों और पुराने कारोबारी परिवारों का पसंदीदा अड्डा रहा है। यहां की सदस्यता को किसी बड़े सरकारी पद जितना प्रतिष्ठित माना जाता है।

### एसबीआई की 25-26 की देशव्यापी हड़ताल टली

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की 25 और 26 मई को होने वाली बैंक कर्मचारियों की दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को आधिकारिक तौर पर स्थगित कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय मुंबई स्थित एसबीआई के कॉर्पोरेट सेंटर में बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघ 'ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन' के प्रतिनिधियों के बीच हुई एक मैराथन समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि बैंक प्रबंधन के साथ बातचीत बेहद सकारात्मक रही और हड़ताल को टाल दिया गया है।

### चीन की कोयला खदान में ब्लास्ट, 90 की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा चीन में पिछले एक दशक का सबसे बड़ा कोयला खदान हादसा माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक विस्फोट शांक्सी प्रांत के किनयुआन काउंटी में हुआ। यह इलाका बीजिंग से करीब 520 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हादसे से पहले खदान में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का अलर्ट जारी किया गया था। इसके कुछ समय बाद जोरदार विस्फोट हुआ। जिस समय धमाका हुआ, वहां 247 मजदूर काम कर रहे थे।

247 मजदूर कर रहे थे काम तभी हुआ हादसा

मुख्यमंत्री सैनी ने की घोषणा

### नीट अभ्यर्थियों को 20 व 21 जून को मिलेगी मुफ्त बस सेवा



एडमिट कार्ड दिखाने पर नहीं लेना होगा टिकट

**चंडीगढ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के युवाओं की सुविधा और उनकी परीक्षा संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 21 जून को आयोजित होने वाली नीट की परीक्षा के मद्देनजर 20 और 21 जून को पूरे हरियाणा में परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त रोडवेज बस सेवा उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा और उनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी नीट अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड दिखाकर 20 और 21 जून को किसी भी हरियाणा रोडवेज बस में निशुल्क यात्रा कर सकेंगे, ताकि उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मौसम में बदलाव, मिली थोड़ी राहत

### चार जिलों में बारिश, रोहतक 44.1 डिग्री के साथ सबसे गर्म

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच शनिवार को कई जिलों में राहत की खबर आई। प्रदेश के चार जिलों सिरसा, झज्जर, फतेहाबाद और नारनौल में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। जबकि फरीदाबाद और महेंद्रगढ़ जिलों में बादल छाए रहे। इससे प्रदेश के औसत अधिकतम तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन इसके बावजूद तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक बना हुआ है। शनिवार को रोहतक प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर जिलों में तापमान अभी 40 डिग्री या इससे अधिक बना हुआ है। हिसार 42.4, जींद 42.1, गुरुग्राम 41.5 डिग्री के साथ अन्य सबसे गर्म जिले रहे। मौसम विभाग के अनुसार, 28 मई को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

28 को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हो सकती है बूंदाबांदी

**एनसीआरबी** प्रदेश में 2024 में 3055 बच्चे हुए लापता, एनसीआर से जुड़े जिलों में ज्यादा मामले

## पानीपत में सबसे ज्यादा 883 बच्चे मिसिंग, जींद में 0

मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक

हरियाणा के कई जिलों में बचपन सुरक्षित नहीं दिख रहा। हर दिन घरों से बच्चे गायब हो रहे हैं। एनसीआरबी 2024 के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश से 3055 बच्चे लापता हुए, जिनमें सबसे ज्यादा मामले औद्योगिक और एनसीआर से जुड़े जिलों से आए। पानीपत, गुरुग्राम, सोनीपत और करनाल जैसे जिले अब बच्चों के लिए सबसे असुरक्षित इलाकों में गिने जा रहे हैं। पानीपत में 583 बच्चे लापता हुए, गुरुग्राम और सोनीपत में भी 300 से ज्यादा मामले दर्ज हुए, वहीं, करनाल में यह आंकड़ा 286 तक पहुंचा।



### ये जिले सबसे सुरक्षित

जहां बड़े शहरों में हालात डराने वाले हैं, वहीं कुछ जिलों ने राहत की तस्वीर भी दिखाई है। जींद में पूरे साल एक भी बच्चा लापता दर्ज नहीं हुआ। चरखी दादरी में सिर्फ 1 मामला सामने आया। नूंह में 6, झज्जर में 11 और रोहतक में 20 मामले दर्ज हुए, लेकिन कई मामलों में रिपोर्टिंग कम होना भी एक कारण हो सकता है।

### पानीपत बना हॉटस्पॉट

पानीपत में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर परिवार रहते हैं। टेक्सटाइल और औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले परिवारों के बच्चे अक्सर असुरक्षित माहौल में रहते हैं। कई बार माता-पिता दोनों काम पर चले जाते हैं और बच्चे लंबे समय तक अकेले रहते हैं। पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि ऐसे इलाकों में बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने, बाल मजदूरी और मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय रहने का खतरा ज्यादा होता है।

### सबसे ज्यादा मामले वाले जिले

| जिला | बच्चे |
|---|---|
| पानीपत | 583 |
| गुरुग्राम | 378 |
| सोनीपत | 362 |
| करनाल | 286 |
| यमुनानगर | 233 |
| रेवाड़ी | 208 |
| सिरसा | 203 |

### यहां सबसे कम केस

| जिला | बच्चे |
|---|---|
| रोहतक | 20 |
| झज्जर | 11 |
| नूंह | 06 |
| च. दादरी | 01 |
| जींद | 00 |

### अन्य जिलों में ये हाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| फरीदाबाद | 135 | महेंद्रगढ़ | 47 |
| कैथल | 129 | भिवानी | 45 |
| पंचकूला | 124 | हिसार | 41 |
| पलवल | 65 | कुरुक्षेत्र | 37 |
| फतेहाबाद | 62 | अंबाला | 27 |

### लापता के साथ क्या होता है

सामने आया है कि अगवा बच्चों से भीख मंगवाने, बाल मजदूरी कराने, घरेलू काम करवाने, अवैध फैक्ट्रियों में काम लेने और अपराधों में इस्तेमाल तक के मामले सामने आते रहे हैं। कुछ मामलों में बच्चों को ऊंट दौड़ जैसी खतरनाक गतिविधियों में इस्तेमाल किए जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसके अलावा बच्चियों को मानव तस्करी और यौन शोषण के नेटवर्क में धकेले जाने का खतरा सबसे गंभीर माना जाता है।

### एनसीआर बेल्ट क्यों बन रही खतरे की पट्टी

गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और पानीपत जैसे जिले एनसीआर और औद्योगिक विस्तार का हिस्सा हैं। यहां बड़ी संख्या में किरायेदार आबादी, लगातार आने-जाने वाले लोग, अस्थायी मजदूर बस्तियां और बच्चों की कम निगरानी अपराधियों को मौका देती है।

### परिवारों की बड़ी चूक क्या

मोबाइल और सोशल मीडिया के जरिए बच्चों को फंसाने वाले गिरोह तेजी से सक्रिय हुए हैं। माता-पिता बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें, स्कूल आने-जाने के रास्तों की जानकारी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पुलिस को सूचना दें।

# नई वैध कॉलोनियों के हर घर तक पहुंचेगी पानी, सीवरेज, बिजली और सड़क सुविधा

## खबर संक्षेप

### महंगाई और अव्यवस्था से जनता परेशान : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा है कि प्रदेश और केंद्र सरकार बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने में सबसे आगे हैं, लेकिन धरातल पर उन घोषणाओं को लागू करने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। सैलजा ने कहा कि सरकार को केवल प्रचार और दिखावे की राजनीति छोड़कर आम लोगों की जन समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। जनता आज बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

### पेट्रोल-डीजल और गैस की सप्लाई सुचारु

**चंडीगढ़।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम हरियाणा सहित देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और समन्वय कर रही हैं।कंपनियों के अनुसार हाल के दिनों में कृषि और कटाई सीजन के कारण ईंधन की मांग में अचानक तेजी आई है। सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर अपेक्षाकृत कम कीमतों के चलते खुदरा और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का रुझान भी बढ़ा है।

### पंचकूला में स्वच्छता अभियान चला

**पंचकूला।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम पंचकूला ने शुक्रवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान सेक्टर-20 स्थित शमशान घाट से शुरू होकर गांव कुंडी तक चलाया गया। इसका उद्देश्य लंबे समय से प्रभावित क्षेत्र को कचरा, मलबे और अवैध डंपिंग से मुक्त कर साफ-सुथरा और व्यवस्थित स्वरूप देना रहा।

### कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत दूसरे चरण के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर शनिवार से नौ जिलों में शुरू हो गए। झज्जर और पानीपत का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग कल्याण पट्टी, पानीपत में आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भाजपा का इतिहास विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ने वाली पार्टी है।

## हर 5000 की आबादी पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाएं : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज सुविधा पहुंचाना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को विकसित देशों की तर्ज पर आधुनिक पेयजल और सीवरेज व्यवस्था तैयार करने के निर्देश देते हुए अगले पांच वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना टाइमलाइन सहित प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की पांच वर्षीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ सरकार द्वारा आवंटित 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों तथा नई वैध कॉलोनियों में पेयजल और सीवरेज सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर पानी, सीवरेज, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

■ मुख्यमंत्री ने हरियाणा विजन-2047 के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा की

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे गणेशन ने विभाग की आगामी पांच वर्षों की योजना का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें जलापूर्ति नेटवर्क, सीवरेज कनेक्शन, उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग, सेंट्रलाइज्ड एसटीपी मॉनिटरिंग और एआई आधारित शिकायत विश्लेषण जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीने का पानी जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सरकार हर नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 5000 की आबादी पर एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई जाए तथा सभी जलघरों तक नहरी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, नहरों से जलघरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए ताकि वाष्पीकरण से होने वाली पानी की बर्बादी को रोका जा सके। उन्होंने भविष्य के स्मार्ट शहरों की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। इसके लिए गुरुग्राम जैसे शहरों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने तथा सभी घरों में वाटर मीटर लगाने की दिशा में काम करने को कहा गया।बैठक में मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अमनीत पी कुमार, आशिमा बराड़, डॉ. राज नेहरू और यशपाल यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## गुरुग्राम सहित बड़े शहरों में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का प्रोजेक्ट तैयार करें



### मशीनों से होगी सीवरेज लाइनों की खुदाई

मुख्यमंत्री ने सीवरेज व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर गांव, शहर और कॉलोनी के प्रत्येक घर तक सीवरेज सुविधा पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जहां पुरानी सीवरेज लाइनें जर्जर हो चुकी हैं, वहां नई लाइन डालने और मरम्मत कार्य की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने मशीनों की सहायता से तेजी से कार्य पूरा करने पर जोर दिया ताकि सड़कों की खुदाई से आमजन को कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि सीवरेज लाइनें 50 से 60 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर पर्याप्त क्षमता के साथ डाली जाएं। साथ ही सीवरेज के उपचारित पानी का उपयोग उद्योगों और कृषि क्षेत्र में करने की दिशा में भी योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा बार-बार सड़कों की खुदाई से होने वाली परेशानियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पेयजल, सीवरेज, गैस, इंटरनेट और अन्य लाइनों के कारण कई बार नई बनी सड़कें दोबारा खोदनी पड़ती हैं, जिससे सरकारी धन और समय दोनों की हानि होती है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने अलग से किसी विभाग या संस्था के गठन का सुझाव दिया, जिसकी अनुमति के बाद ही सड़क खुदाई का कार्य किया जा सके।

## सिंचाई के लिए किसानों के खेतों में बनाए जाएंगे सामूहिक टैंक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार हर खेत तक पर्याप्त सिंचाई पानी पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। इसके लिए किसानों के समूह बनाकर 10 एकड़ या उससे अधिक भूमि के लिए सामूहिक टैंक बनाए जाएंगे, जिन्हें नहरी पानी से भरा जाएगा। इन टैंकों से जुड़े खेतों में माइक्रो इरिगेशन प्रणाली के तहत सिंचाई की जाएगी। सरकार सामूहिक टैंक निर्माण पर 85 प्रतिशत सब्सिडी देगी। मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआती चरण में भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, नूंह, रेवाड़ी, हिसार, झज्जर और सिरसा जिलों में किसानों के समूह बनाकर सामूहिक टैंक स्थापित किए जाएंगे। इन टैंकों तक नहरों से पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाया जाएगा तथा सोलर पैनल लगाकर टपका व फव्वारा सिंचाई प्रणाली संचालित की जाएगी।

## पौधारोपण कर मुख्यमंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जीवन का आधार**

उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं, जो न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य भी देते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने व देखभाल का आह्वान किया।

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। पृथ्वी को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का आह्वान किया।

## वीआईपी नंबरों पर दोबारा फीस नहीं ले सकती सरकार : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि पुराने पंजीकरण नंबरों को नई एचआर सीरीज में बदलने के लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा सकता, चाहे नंबर वीआईपी या पसंदीदा श्रेणी का ही क्यों न हो। जस्टिस जगमोहन बंसल ने हरियाणा सरकार के 8 नवंबर 2019 के उस ज्ञापन को रद्द कर दिया, जिसमें नई एचआर सीरीज में पसंदीदा नंबर बनाए रखने के लिए शुल्क देने का प्रावधान किया गया था। दरअसल, हरियाणा में पहले कई वाहनों के नंबर अलग-अलग पुरानी सीरीज में जारी किए गए थे। बाद में सरकार ने नई एचआर सीरीज लागू करते हुए पुराने नंबर बदलने की प्रक्रिया शुरू की। 28 मई 2019 को सरकार ने कहा था कि पुराने नंबर बिना किसी शुल्क के एचआर सीरीज में बदले जा सकेंगे, लेकिन बाद में जारी नए ज्ञापन में पसंदीदा और वीआईपी नंबरों पर फीस लगाने का निर्णय लिया गया था।

■ पुराने नंबर एचआर सीरीज में बदलने पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

## 365 लापरवाह अफसरों पर सेवा अधिकार आयोग सख्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने सरकारी सेवाओं में देरी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्ती बढ़ा दी है। आयोग ने 53 विभागों की 803 सेवाओं को समय सीमा में बांधते हुए करीब डेढ़ साल में सात आईएएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश राज्य सरकार को भेजी है। इसके अलावा 48 आईएएस, चार आईपीएस, 24 एचसीएस और चार एचपीएस अधिकारियों सहित कुल 365 अधिकारियों-कर्मचारियों को काम में लापरवाही का दोषी पाया गया है। मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि आयोग ने जनता की सुविधा के लिए वाट्सएप चैटबॉट और मोबाइल ऐप भी शुरू किया है।

## सुशासन सहयोगियों की समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन के जीवन को सरल बनाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों और सहयोगियों को निर्देश दिए कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का भी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सीएमजीजीए ने अपने फील्ड अनुभव साझा किए।

## स्वास्थ्य सेवाओं पर हाईकोर्ट ने सरकार को दिखाया आईना : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भी प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताकर सरकार को आईना दिखाया है।हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल ऑफिसर और स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के सैकड़ों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार भर्ती को लेकर गंभीर नहीं है। जिला अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट को यह तक कहना पड़ा कि हर जिला अस्पताल में कम से कम सीटी स्कैन, एमआरआई और आईसीयू जैसी सुविधाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने दादरी के सरकारी अस्पताल की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बुजुर्ग को आधार कार्ड न होने के कारण इलाज नहीं मिला और वह अस्पताल के फर्श पर तड़पते हुए दम तोड़ गया। हुड्डा ने इसे संस्थागत हत्या बताते हुए सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है।

## 27 की जगह 28 को बकरीद की छुट्टी करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा में ईद-उल-जुहा (बकरीद) की सरकारी छुट्टी की तारीख बदलने को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नूंह से कांग्रेस विधायक एवं कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को पत्र लिखकर 27 मई की बजाय 28 मई को अवकाश घोषित करने की मांग की है। आफताब अहमद ने इस संबंध में अपने एक्स अकाउंट पर भी जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने मुख्य सचिव से बातचीत कर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि चांद दिखने की पुष्टि और अधिकृत हिलाल कमेटी के फैसले के अनुसार ईद-उल-जुहा 28 मई को मनाई जाएगी। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया कि केंद्र सरकार भी 28 मई को ईद की छुट्टी घोषित कर चुकी है। ऐसे में हरियाणा सरकार भी जल्द कदम उठाए।

## विकास के लिए सामाजिक सौहार्द बेहद जरूरी : कल्याण

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को करनाल जिला के अराईपुरा और बस्सी अकबरपुर गांवों को जोड़ने वाली सड़क के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। 2.61 किलोमीटर लंबी इस सड़क के नवीनीकरण पर कुल 67.31 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। यह कार्य जिला परिषद द्वारा करवाया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीणों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा गुटबाजी और आपसी राजनीति से दूर रहने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गांवों के समग्र विकास के लिए सामाजिक सौहार्द और आपसी एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब गांव का वातावरण सौहार्दपूर्ण होता है, तभी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ते हैं और सभी लोगों को उनका लाभ समान रूप से मिलता है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## अब सीधे प्लेटफॉर्म से नहीं जुड़ सकेंगे टैक्सी चालक, पुलिस व मानसिक जांच होगी जरूरी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़





■ महिलाओं और बुजुर्गों से दुर्व्यवहार की हिस्ट्री वाले चालक नहीं चला सकेंगे टैक्सी

प्रदेश में मोबाइल एप आधारित टैक्सी और परिवहन सेवाओं को लेकर हरियाणा सरकार बड़ा बदलाव करने जा रही है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने स्पष्ट किया है कि अब टैक्सी चालकों का रिकॉर्ड खंगालने के बाद ही उन्हें वाहन चलाने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी चालक को सीधे कंपनी या एजेंसी के प्लेटफॉर्म से जुड़ने का मौका नहीं मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत चालक का पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य परीक्षण और मनोवैज्ञानिक जांच अनिवार्य होगी। साथ ही पिछले तीन वर्षों का रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा। यदि किसी चालक का नाम महिलाओं के खिलाफ अपराध, धोखाधड़ी, हिंसा, नशे में वाहन चलाने या अन्य गंभीर मामलों में पाया गया तो उसे टैक्सी सेवा से बाहर रखा जाएगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को अधिक सुरक्षित यात्रा का माहौल मिलेगा। नई नीति के तहत एग्रीगेटर कंपनियों को भी अपने प्लेटफॉर्म पर ऐसी तकनीकी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिससे यात्रा के दौरान वाहन की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

यात्रियों को लाइव लोकेशन शेयरिंग और वाहन ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध करानी होंगी। इसके अलावा 24 घंटे काम करने वाले कंट्रोल रूम और शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करना भी अनिवार्य होगा, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। सरकार ने चालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा के साथ नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी व्यवस्था की है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुरक्षा और चालकों के हितों दोनों को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले हर चालक का रिकॉर्ड जांचा जाएगा ताकि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चिंता न रहे।


समाधान समारोह

(देश भर में विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान और मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे के लिए उच्चतम न्यायालय की पहल)



माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन
दिनांक 21, 22 और 23 अगस्त, 2026

यदि आप माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित अपने मामलों का निपटारा करना चाहते हैं, तो आप अपने मामले को इस विशेष समाधान समारोह में सूचीबद्ध कराने के लिए निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षित मध्यस्थ, पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण समझौता कराने में सहायता हेतु पूर्व–लोक अदालत बैठकें आयोजित करेंगे।

माननीय उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष समाधान समारोह में विचार किए जाने वाले निम्नलिखित मामले हो सकते हैं :–

- चैक से सम्बन्धित मामले (एन. आई. एक्ट)
- धन वसूली मामले
- आपराधिक मामले जिनमें कानूनी तौर पर समझौता किया जा सकता है
- एक्सीडेन्ट क्लेम केस (एम.ए. सी.टी.)
- श्रम एवं रोजगार सम्बन्धी विवाद
- पारिवारिक विवाद मामले
- किराया संबंधी मामले
- स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं आपराधिक)
- भरण–पोषण संबंधित मामले
- भूमि अधिग्रहण और भूमि विवाद मामले
- सेवाएं सम्बन्धी मामले
- राजस्व मामले
- अन्य मामले

वकील और पक्षकार हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट पर हरियाणा के अधिकार क्षेत्र में उत्पन्न संदर्भित मामलों की सूची देख सकते हैं। यदि आपका मामला पहले से संदर्भित मामलों में शामिल नहीं है, तो आप निम्नलिखित गूगल फॉर्म के माध्यम से विवरण जमा करके अपने मामले को संदर्भित करवा सकते हैं :
https://forms.gle/woYFFEph7pgiTQ7u7

समाधान समारोह के लाभ

☑ त्वरित और प्रभावी निपटान
☑ सरल प्रक्रिया
☑ आपसी समझौता
☑ अंतिम और बाध्यकारी निर्णय

किसी भी पूछताछ एवं समस्या के लिए आप निम्नलिखित में से किसी से भी संपर्क कर सकते हैं :–

भारत का उच्चतम न्यायालय
वन स्टॉप सेंटर,
दूरभाष नंबर: 011–23112428, 011–23112528
011–23116464, 011–23116465
011–23115652
ई–मेल : speciallokadalat2026@sci.nic.in

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
दूरभाष नंबर : 011–23382778, 01123382121
टोल फ्री नंबर : 15100
ई–मेल : nalsa-dla@nic.in

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला
इंस्टीट्यूशनल प्लाट नम्बर 9, सैक्टर 14, पंचकूला,
दूरभाष नम्बर: 0172–2562309,
टोल फ्री नम्बर 15100
ई–मेल hslsa.haryana@gmail.com
वेबसाइट www.hslsa.gov.in

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति,
पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ
दूरभाष नम्बर: 0172-2718223, 7404257682
ई–मेल Secretary-hclsc@phhc.gov.in
वेबसाइट (www.highcourt.chd.gov.in)

अधिक जानकारी के लिए अधिवक्ता एवं पक्षकार अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी।

**खबर संक्षेप**

### कार में जलकर इंजीनियर की मौत

**गुरुग्राम।** एनएच 48 पर शुक्रवार रात एक ओवरस्पीड कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी साइड खड़े ऑटो में जा टकराई। हादसे में ऑटो के भी परखच्चे उड़ गए। कुछ ही देर बाद गाड़ी में अचानक आग लग गई। कार सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर कार के अंदर ही फंस गया। चरखी दादरी निवासी टैक्सी ड्राइवर रितेश फोगाट ने आग को देखकर अपनी कार रोकी। उन्होंने तुरंत इंजीनियर देवांश की सीट बेल्ट खोली और उनका हाथ पकड़कर बाहर खींचा। हादसे में देवांश की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक देवांश गुरुग्राम की एक मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। परिवार का कहना है कि देवांश जॉब के बाद अपनी कार से घर लौट रहा था, रास्ते में ही इफको चौक के पास ये हादसा हो गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में नाइजीरियन गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में नाइजीरिया के नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बेनेडिक्ट एनी उर्फ जैक उर्फ पॉप मूलरूप से नाइजीरिया का रहने वाला है और हाल में दिल्ली के चंद्र विहार में रहता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 मई को जीटी रोड बीसवां मील चौक पर नाकाबंदी के दौरान क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने गौरव और अमन को कार सहित काबू किया था। तलाशी के दौरान गौरव के पास से 335 ग्राम और अमन के पास से 116 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक सुनील की टीम ने तीसरे आरोपी बेनेडिक्ट एनी को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोप है कि आरोपी मादक पदार्थ हैंडलर है। वह मादक पदार्थ सप्लाई करता था।

### फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में एक मजदूर की मौत

**बहादुरगढ़।** बॉयलर फटने से ध्वस्त हुई फैक्ट्री में शनिवार को सर्च अभियान के दौरान मलबे से एक श्रमिक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय शैलेश के रूप में हुई है। दो दिन से वह यहां फैक्ट्री में चिनाई मजदूरी करने आ रहा था। जब हादसा हुआ तो वह भी चपेट में आ गया। लेकिन शुक्रवार को वह बरामद नहीं हो सका। बता दें कि शुक्रवार को हुए इस हादसे में पांच श्रमिकों को मलबे से निकाला गया था, जिनमें से चार पीजीआई में भर्ती हैं।

### बांग्लादेशी छात्र ने हॉस्टल में लगाया फंदा

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड क्षेत्र में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में बांग्लादेश के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मुस्ताक के रूप में हुई है, जो बीटेक सेकंड ईयर का छात्र था। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम संबंधों से जुड़ा हुआ माना जा रहा है।जानकारी के अनुसार, मुस्ताक कॉलेज हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर अपने एक साथी छात्र के साथ रह रहा था। घटना के समय उसका रूममेट किसी काम से बाहर गया हुआ था। जब वह वापस कमरे में पहुंचा तो उसने मुस्ताक को पंखे से लटका देखा। कमरे की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है।

# बॉयफ्रेंड ने अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल किया, डॉक्टर घर की तीसरी मंजिल से कूदी

- ब्लैकमेल कर कई बार पैसे ले चुका युवक, युवती की कई हड्डियां टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में महिला एमबीबीएस डॉक्टर बॉयफ्रेंड की ब्लैकमेलिंग से दुखी होकर अपने घर की तीसरी मंजिल से नीचे सड़क पर कूद गई। इससे वह चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गई, उसके शरीर की कई हड्डियां टूट गईं। परिजनों ने लड़की को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि पीड़िता जींद के एक स्कूल में पढ़ती थी। यहां जींद निवासी मोहित से उसकी दोस्ती हो गई। मोहित ने स्वयं को अमीर घराने का बताया और लड़की से विवाह का प्रस्ताव रखा। इधर, लड़की तेलंगाना में एमबीबीएस की पढ़ाई करने चली गई। आरोप है कि मोहित भी लड़की के पास पहुंच गया। उसने लड़की को कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। जब लड़की बेहोश हो गई तो उसकी अश्लील वीडियो बनाई और फोटो लिए। इसके बाद लड़की ने मोहित की असलीयत जानी और विवाह से इनकार कर दिया। अब मोहित अश्लील वीडियो व फोटो के बल पर लड़की से दुष्कर्म करने लगा और ब्लैकमेल कर उससे नगदी लेने लगा। आरोपी महिला डॉक्टर को लगातार धमकियां देकर एक करोड़ रुपये व जेवर देने का दबाव बनाने लगा। लड़की का आरोप है कि ब्लैकमेलिंग में मोहित के साथ उसका भाई प्रमोद, बहन पूनम व ताऊ राजा और रामकरण भी शामिल है।

**डीएसपी की जांच के बाद जींद में जीरो एफआईआर**

महिला चिकित्सक ने जींद के पुलिस कप्तान से इस मामले की शिकायत की। कप्तान ने डीएसपी सफीदों को इस मामले की जांच सौंपी। डीएसपी की जांच में महिला चिकित्सक के सभी आरोप सही पाए गए। इधर, डीएसपी की रिपोर्ट के आधार पर जींद के थाना पिल्लूखेड़ा पुलिस ने आरोपियों पर जीरो एफआईआर दर्ज की। वहीं, घटना का मुख्य केंद्र पानीपत होने के कारण इस महिला चिकित्सक के केस को आगे की जांच के लिए पानीपत के थाना मॉडल टाउन में स्थानांतरित कर दिया।

# चीजों का लालच दे युवक ने 10 वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा

- स्कूल में तबीयत खराब होने पर परिजन अस्पताल में लेकर गए तो गर्भवती होने का पता चला, आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र में युवक ने खाने की चीज का लालच देकर 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने बच्ची के साथ कई बार गलत काम कर रहा था, जिससे बच्ची गर्भवती हो गई। शुक्रवार को स्कूल में जब बच्ची की तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां पर जांच के दौरान बच्ची गर्भवती मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दवा फैक्ट्री में काम करती है, जबकि उसका पति खेतों में मेहनत मजदूरी करता है। उसकी 10 वर्षीय बेटी पांचवीं कक्षा में सरकारी स्कूल में पढ़ती है। शुक्रवार को उसकी बेटी स्कूल गई थी। इस दौरान स्कूल में उसकी बेटी की तबीयत अचानक खराब हो गई। स्कूल के टीचर ने उसे इस बारे सूचित किया। वह बच्ची को लेकर छछरौली सिविल अस्पताल में दवाई दिलवाने के लिए लेकर पहुंची। इस दौरान डॉक्टर ने जांच करने पर उसे बताया कि उसकी लड़की गर्भवती है।

**परिवार को काम से निकलवाने की धमकी देता था आरोपी**

लड़की ने बताया कि फैक्ट्री में काम करने वाला गांव सलेमपुर खादर निवासी राकेश ने नवंबर 2025 में उनकी फैक्ट्री के क्वार्टर में खाने की चीज देने का लालच देकर उसके साथ पहली बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी बार-बार उसके साथ गलत काम करता रहा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके माता-पिता को फैक्ट्री से निकलवाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कई प्रदेशों में 40 युवाओं से करोड़ों रुपयों की ठगी

# फर्जी नियुक्ति पत्र देकर बेरोजगारों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 3 काबू

- युवाओं को दो-तीन महीने कहीं पर काम करवा ठग अपने पास से देते थे सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है। गिरोह के सदस्य बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी लगवाने का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे। पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी अजय कुमार वासी गांव धनौरा जाटान जिला कुरुक्षेत्र को सबसे पहले काबू किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को 10 दिन के रिमांड पर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले भी दिल्ली में इसी तरह का मामला दर्ज है और वह फिलहाल जमानत पर था। इसके बाद पुलिस ने सुनील कुमार उर्फ साहिल उर्फ रोहन वासी पाना चूडान बादली, जिला झज्जर को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया था। इनकी निशानदेही पर ही आरोपी वारिस आलम उर्फ समीर वासी गांव कन्हारिया, रामनगर, पूर्णिया बिहार को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया। अब सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

दरअसल बब्याल के रहने वाले सोहन लाल व अन्य पीड़ितों द्वारा 21 अप्रैल 2025 को थाना महेश नगर में आरोपी योगेश शर्मा व अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोपियों ने सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर इन लोगों से करीब 60 लाख रुपये ठगे थे। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक लगभग 40 लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी खुद की सरकारी विभागों में ऊंची पहुंच बताते थे। युवाओं को फंसाने के लिए वे उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा देते थे। युवाओं को शक न हो, इसके लिए आरोपी उन्हें किसी भी स्थान पर 2 या 3 महीने के लिए काम पर लगा देते थे। उन महीनों की सैलरी खुद अपनी जेब से देते थे। इससे पीड़ित को लगता था कि उसकी नौकरी पक्की हो गई है। इससे गिरोह की ठगी पकड़ी नहीं जाती थी।

**17 मुहर व 8 फर्जी नियुक्ति पत्र मिले**

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 17 जाली मोहरें इनमें एफसीआई, गृह मंत्रालय, टैक्सेशन विभाग, एक्साइज विभाग, रेलवे आदि प्रमुख विभागों की जाली मोहरें शामिल हैं। यही नहीं आरोपियों से 8 जाली नियुक्ति पत्र जोकि रेलवे विभाग व अन्य विभागों से संबंधित हैं। 7 जाली प्लेटिनियम कार्ड, 2 लाख रुपये नगद, मोबाइल और फर्जी सिम कार्ड भी आरोपियों से मिले हैं। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मामले का अनुसंधान गहनता से चल रहा है। इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों को भी चिह्नित कर लिया गया है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



## गड्डी में ऊपर-नीचे असली नोट व बीच में कोरे कागज लगाकर ठगने वाले दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- 41 गड्डी के बीच में कागज तथा ऊपर नीचे 500-500 के नोट थे, 17 गड्डी में ऊपर-नीचे 10-10 के नोट तथा बीच में कागज था

सदर थाना नरवाना पुलिस ने लोगों को नोट दोगुने करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार सदस्य काबू किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 58 गड्डी बरामद की हैं। 41 गड्डी ऐसी थी, जिनके बीच में कागज तथा ऊपर नीचे 500-500 के नोट लगे थे। जबकि 17 गड्डी ऐसी थी, जिनमें ऊपर-नीचे 10-10 के नोट तथा बीच में कागज था। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव बेलरखां के निकट होटल के सामने कुछ कार सवार युवक खड़े हुए हैं। जो लोगों को नोट दोगुना करने का झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं। आरोपित कागजों की गड्डी बनाकर उनके ऊपर तथा नीचे असली नोट लगा देते हैं। सौदेबाजी के दौरान पुलिस रेड होने की बता कहकर राशि लेकर फरार हो जाते हैं। पुलिस ने फर्जी ग्राहक बन कार सवार युवकों के पास भेजा। दस हजार रुपये के बदले दोगुने नोट देने की बात कही। उसी दौरान इशारा मिलते ही पुलिस ने कार सवार युवकों को काबू कर लिया। पुलिसकर्मियों ने बैग से 58 नोटों की गड्डी बरामद की, जिनमें खाली कागज लगा फर्जीवाड़ा किया गया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कन्हड़ी निवासी संजय, खनौरी रोड कैथल निवासी अनिल, रसीना

## बुजुर्ग को हनी ट्रैप में फंसा मारपीट व लूटने वाले 7 को 3 साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- भतीजों के साथ चल रहा जमीन का विवाद, आरोपियों ने जमीन उनके नाम करवाने या 25 लाख देने का दबाव बनाया

बुजुर्ग को हनी ट्रैप में फंसाकर जबरन 25 लाख रुपये की मांग करने, मारपीट करने व सोने की अंगूठी छीनने के मामले में सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए अदालत ने सजा सुनाई है। एक 61 वर्षीय व्यक्ति ने थाना लोहारू में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि उनका अपने भाई के लड़कों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान उनके मोबाइल नंबर पर एक महिला का फोन आया, जिसने उन्हें बार-बार लोहारू बुलाया। महिला के कहने पर शिकायतकर्ता 20 जून को लोहारू पहुंचे। वहां महिला एक मकान में ले गई, जहां मौजूद दो व्यक्तियों ने जबरन उनके कपड़े उतरवा दिए। इसके बाद महिला ने भी अपने कपड़े उतार दिए तथा आरोपियों ने आपत्तिजनक वीडियो बना ली। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की तथा सोने की अंगूठी छीन ली। शिकायतकर्ता का रिश्तेदार सतेंद्र भी मौके पर पहुंच गया और आरोपियों ने धमकी दी कि या तो जमीन उनके नाम कर दो अथवा 25 लाख रुपये दे दो, नहीं तो जान से मार देंगे तथा वीडियो वायरल कर देंगे। अब अदालत ने आरोपी मीना उर्फ मीनू, सतेंद्र उर्फ बबलू, रामबीर, सुरेंद्र उर्फ नीटू, विजय उर्फ बिल्लू, अजय उर्फ नीटू, बिंटू उर्फ मिंटू को तीन-तीन साल की कैद व जुर्माना किया है।

**फरीदाबाद के निजी स्कूल में आंधी से हादसा**

# पड़ोसी की दीवार गिरने से स्कूल की छत भी टूटी, 10 बच्चे दबे



फरीदाबाद। अस्पताल में उपचार के लिए आए घायल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भरत कॉलोनी में एक निजी स्कूल के साथ बन रही निर्माणाधीन इमारत की दीवार अचानक स्कूल की छत पर गिर गई। दीवार गिरने से स्कूल की छत भी टूटकर नीचे आ गिरी, जिससे उसके नीचे यूकेजी क्लास के 10 बच्चे दब गए। हादसा होते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल स्टाफ ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। किसी तरह मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन 4 बच्चे घायल हो गए, जबकि 6 को हल्की चोटें आईं। सभी बच्चों को इलाज के लिए बीके अस्पताल ले जाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन भी पहले स्कूल और फिर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। उधर, हादसे के बाद स्कूल को भी तुरंत खाली करा दिया गया। पुलिस ने उस मकान का भी निरीक्षण किया, जिसकी दीवार टूटकर गिरी। पता किया जा रहा है कि मकान का निर्माण नियमानुसार हो रहा था या नहीं।

खेड़ी पुल थाना इलाके में भारत कॉलोनी के 35 फुट रोड़ पर हंस मेमोरियल पब्लिक स्कूल है। शनिवार को करीब नौ बजे अचानक तेज आंधी के कारण स्कूल के साथ बनाए जा रहे कई मंजिल के मकान की दीवार का एक बड़ा हिस्सा स्कूल की छत पर आकर गिर गया। इससे स्कूल की छत बच्चों के ऊपर गिर गई। इसमें दीप्ती, दिव्या, मीरा व नंदू को सिर में गंभीर चोट आई है। सभी की उम्र 6 से 7 साल के बीच है।

## सड़क पर प्रेमी को पीटा, नाबालिग लड़की को साथ ले गए परिजन

**पानीपत।** जीटी रोड पर करनाल से आए नाबालिग लड़की के परिजनों ने उसे व उसके प्रेमी को पकड़ लिया और प्रेमी की सड़क पर ही जमकर पिटाई की। घर से फरार होने के करीब छह माह बाद परिजनों ने दोनों को फोन पर बातचीत कर पानीपत बुलाया था। वहीं, बीच बचाव में आई लड़की की भी परिजनों ने पिटाई की। मारपीट में प्रेमी के कपड़े फट गए।

इधर, पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मारपीट में घायल हुए युवक को अपने साथ ले गई। दूसरी ओर, घायल युवक ने बताया कि उसने लड़की के साथ मंदिर में शादी कर ली थी। इधर, परिजनों ने बताया कि लड़की, युवक से आठ साल छोटी है और नाबालिग है। छह माह पहले युवक उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। किशोरी के लापता होने की शिकायत परिजनों ने पुलिस को भी की थी। परिजन व पुलिस छह माह से लड़की की तलाश में जुटी थी। थाना घरौंडा के एसएचओ दीपक ने बताया कि लड़की परिजनों को सौंप दी गई है, और आरोपी युवक पुलिस के पास है। वहीं, पुलिस लड़की के बयान दर्ज करेगी, लड़की की उम्र का पता लाया जाएगा।




**तकनीक** खेतों की तस्वीरों से लगेगा बीमारी व उत्पादन का अनुमान

# एआई करेगा फसल खराबे का आकलन

- आगामी खरीफ और रबी सीजन में नई प्रणाली लागू होने की आस

सुरेंद्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने के साथ अब प्रदेश में फसलों के उत्पादन और नुकसान के आकलन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई तकनीक अपनाने की तैयारी शुरू हो गई है। कृषि विभाग आगामी खरीफ और रबी सीजन में इस प्रणाली को लागू करने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए विभाग ने एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

अब तक फसल नुकसान और उत्पादन का आकलन पटवारियों व विभागीय कर्मचारियों के जरिए किया जाता था। वे चयनित गांवों और खेतों का दौरा कर रिपोर्ट तैयार करते थे। इसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार मुआवजा तय करती थी। लेकिन कई बार किसानों की शिकायत रहती थी कि मौके पर निरीक्षण किए बिना ही रिपोर्ट तैयार कर दी जाती है, जिससे वास्तविक नुकसान का सही आकलन नहीं हो पाता था। नई एआई तकनीक लागू होने के बाद फसल उत्पादन, बीमारी और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का अनुमान पहले की तुलना में कहीं अधिक सटीक माना जा रहा है।

**हर सप्ताह लेंगे तस्वीरें, 2 बार बनेगी रिपोर्ट**



नई प्रणाली के तहत सेटेलाइट और अन्य डिजिटल माध्यमों से खेतों की हर सप्ताह तस्वीरें ली जाएंगी। इन तस्वीरों का विश्लेषण अत्याधुनिक कंप्यूटर सिस्टम के जरिए किया जाएगा। फसल के रंग, पौधों की लंबाई, पत्तियों की स्थिति और खेत के विकास स्तर को देखकर एआई रिपोर्ट तैयार करेगा। फसल कटाई से पहले दो बार रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इससे उत्पादन का अनुमान पहले से लगाया जा सकेगा और ओलावृष्टि, बीमारी या अन्य प्राकृतिक कारणों से हुए नुकसान की जानकारी भी समय रहते मिल सकेगी।

**कई जगह प्रक्रिया शुरू**

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि अभी इस संबंध में अंतिम आदेश नहीं आए हैं, लेकिन कई जिलों में प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संभावना है कि इस बार खरीफ सीजन से यह तकनीक अपनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि या अन्य कारणों से फसल नुकसान के आकलन को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनती रही है। कई बार किसानों की ओर से सही सर्वे न होने की शिकायतें सामने आती थीं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की नई गारंटी मिलेगी, केंद्र सरकार ने जारी किए वीबी-जी राम जी अधिनियम के मसौदा नियम, सार्वजनिक परामर्श आमंत्रित

कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत ढांचा बनाया जाएगा

## 1 जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत में रोजगार और आजीविका की गारंटी देने वाले विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी-राम-जी) के मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ये नियम सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किए गए हैं। इनका उद्देश्य कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। इन्हें अंतिम रूप देने से पहले व्यापक हितधारक परामर्श की सुविधा के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। प्रस्तावित नियमों में संक्रमणकालीन प्रावधान, राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति और केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रशासनिक खर्चों, शिकायत निवारण और मजदूरी के भुगतान से संबंधित प्रावधान भी इसमें हैं।

### संक्रमण काल में चल रहे कार्य प्रभावित नहीं होंगे

मसौदा नियम मनरेगा से वीबी-ग्राम जी में बदलाव के लिए एक रूपरेखा की तरह हैं। वीबी-ग्राम जी मौजूदा ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम का स्थान लेगा। ये प्रावधान सुनिश्चित करते हैं कि संक्रमण काल में चल रहे कार्य प्रभावित न हों। इसमें देनदारियों का निपटान और अभिलेखों का हस्तांतरण भी शामिल है।

### बेरोजगारी भत्ता और सामान्य आवंटन से अधिक खर्च शामिल किए


फाइल फोटो

बेरोजगारी भत्ता और सामान्य आवंटन से अधिक खर्च का विवरण भी नियमों में है। इसमें विधायिका रहित केंद्र शासित प्रदेशों के खर्च भी शामिल हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि ये नियम पूरे देश में अधिनियम के लिए संस्थागत, प्रशासनिक, वित्तीय और शासन ढांचा स्थापित करेंगे। परामर्श प्रक्रिया का लक्ष्य सहभागी शासन सुनिश्चित करना और राज्यों, संस्थानों, विशेषज्ञों, नागरिक समाज संगठनों तथा आम जनता से रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करना है।

### हितधारकों की भागीदारी तय होगी

सरकार ने इन नियमों को अंतिम रूप देने से पहले व्यापक परामर्श प्रक्रिया अपनाई है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। राज्यों, विभिन्न संस्थानों और विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

### नियमों का व्यापक दायरा

ये मसौदा नियम कई महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। इनमें राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति की भूमिका और जिम्मेदारियां शामिल हैं। केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के गठन और कार्यों का भी इसमें उल्लेख है। प्रशासनिक खर्चों का प्रबंधन और शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना भी नियमों का हिस्सा है। मजदूरी और बेरोजगारी भत्ते के भुगतान के तरीके भी स्पष्ट किए गए हैं। सामान्य आवंटन से अधिक होने वाले खर्चों का प्रबंधन भी इन नियमों के दायरे में आता है।

### अब मनरेगा की जगह लेगी यह योजना

ग्रामीण भारत में रोजगार की गारंटी देने वाली दशकों पुरानी मनरेगा योजना की जगह अब एक नया ऐतिहासिक कानून लेने जा रहा है। केंद्र सरकार आगामी 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में 'वीबी-जी राम जी' (विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) योजना को आधिकारिक तौर पर लागू करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य इस नई योजना के जरिए ग्रामीण परिवारों को अधिक दिनों का गारंटीशुदा रोजगार देना और पूरी व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाना है।

---

## खबर संक्षेप

### झारखंड: 5 लाख के इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पांच लाख रुपये के इनामी एक स्वयंभू 'उपक्षेत्रीय कमांडर' समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों की पहचान शिव नारायण सिंह उर्फ शिवा तथा सकलदीप ओरांव के रूप में हुई है। नारायण सिंह भाकपा (माओवादी) से अलग हुए धड़े झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) का 'उप-क्षेत्रीय कमांडर' है।

### पंजाब : 26 मई हो होंगे स्थानीय निकाय चुनाव

चंडीगढ़। पंजाब में 26 मई को होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में कुल 7,555 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के 1801 उम्मीदवार, कांग्रेस के 1550, भाजपा के 1316, शिरोमणि अकाली दल के 1251 और बहुजन समाज पार्टी के 96 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में 1,528 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

---

ट्विशा के पति की भोपाल जिला कोर्ट में पेशी, 7 दिन की पुलिस रिमांड पर

# एम्स की टीम भोपाल पहुंची, आज शव का 'दोबारा' पोस्टमार्टम

*पुलिस समर्थ से यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि फरारी के दौरान वह कहां-कहां रहा और किन लोगों ने उसकी मदद की?*


यहीं लटका मिला था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्विशा शर्मा केस में आरोपी पति समर्थ सिंह को शनिवार दोपहर जेपी अस्पताल में समर्थ सिंह का मेडिकल कराने के बाद 3 बजे उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने समर्थ की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। वहीं, ट्विशा के परिजनों की ओर से दिए गए आवेदन पर कोर्ट ने समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने के भी आदेश दिए हैं। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पुलिस समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर पहुंची थी। उसे कटारा हिल्स थाने में रखा गया। थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर फोर्स तैनात रही। कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस ने भोपाल के जेपी हॉस्पिटल में उसका मेडिकल टेस्ट भी कराया। ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम रविवार को होगा। इसके लिए एम्स दिल्ली ने चार वरिष्ठ डॉक्टरों की मेडिकल टीम बनाई गई है। यह टीम आधुनिक उपकरणों के साथ राज्य सरकार के चार्टर्ड विमान से शनिवार देर रात भोपाल पहुंच गई। एसीपी रजनीश कश्यप कौल के नेतृत्व में एसआईटी मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि समर्थ से विस्तृत पूछताछ की जाएगी।




**समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने का आदेश वकालत का लाइसेंस हो चुका है सस्पेंड**


पुलिस वाहन से उतरता समर्थ

### पोस्टमॉर्टम का विषय जीएडी विभाग देख रहा


कमिश्नर ने कहा कि ट्विशा के शव का सेकंड पोस्टमार्टम भोपाल एम्स में ही कराया जाएगा। यह विषय जीएडी विभाग देख रहा है, पुलिस लगातार उनके संपर्क में है। मामले में जो भी वैधानिक प्रक्रिया होगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ट्विशा की असल हाइट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लिखी गई हाइट में फर्क है।

**» *समर्थ का जेपी हॉस्पिटल में मेडिकल टेस्ट कराया गया***

**» *केस की जांच के लिए सीबीआई की जल्दी ही होगी एंट्री***

### फरारी के दौरान समर्थ ने बदला अपना हुलिया

पहचान छिपाने के लिए समर्थ ने फरारी के दौरान अपना हुलिया भी बदल लिया था। हमेशा क्लीन शेव रहने वाला समर्थ हल्की दाढ़ी में नजर आया। आमतौर पर फॉर्मल लुक में रहने वाला समर्थ इस बार कैजुअल जींस-शर्ट और कैप में दिखाई दिया। उसने चेहरे पर मास्क भी लगा रखा था। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार का कहना है कि जब तक मामला किसी दूसरी जांच एजेंसी को ट्रांसफर नहीं किया जाता, तब तक पुलिस हर एंगल से जांच जारी रखेगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


पार्लर में दिखी ट्विशा

**सुको ने लिया स्वतः संज्ञान लिया, सुनवाई कल (नई दिल्ली) :** उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को कथित संस्थागत पूर्वाग्रह और प्रक्रियात्मक विसंगतियों के मद्देनजर ट्विशा शर्मा दहेज मृत्यु मामले का स्वतः संज्ञान लिया। न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण के अनुसार, अदालत ने मीडिया में आई खबरों और अन्य संबंधित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ 25 मई को इस मामले की सुनवाई करेगी।

---

लाइन में स्पार्किंग से भड़की आग

# डेढ़ साल की बच्ची समेत 3 मासूम जिंदा जल गए

- देर से पहुंची फायर ब्रिगेड तड़प-तड़पकर गई जान
- परिजनों को कुल 6-6 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले में कच्चे मकान में लगी भीषण आग में तीन मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को चपेट में ले लिया। अंदर मौजूद बच्चे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन तब तक बच्चों की मौत हो चुकी थी। मृत बच्चों की पहचान डेढ़ वर्षीय रिधि साकेत, 6 वर्षीय धुम्मू उर्फ संध्या साकेत और 3 वर्षीय एक अन्य बच्चे के रूप में हुई है। सभी जमोड़ी के कसिहवा गांव के रहने वाले थे। हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक घर के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में स्पार्किंग हुई। चिंगारी पास में रखे बांस और सूखे सामान पर गिरी, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। बच्चों की मां घर से जाते समय दरवाजा बाहर से बंद कर गई थी, जिससे बच्चे अंदर ही फंस गए। बच्चों के पिता रामरतन साकेत ने बताया कि उन्हें उनके सुपरवाइजर का फोन आया था, जिसने घर में आग लगने की जानकारी दी। उस समय उनकी पत्नी राशन लेने दुकान गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए इसे अत्यंत हृदय विदारक बताया और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।


आग से घिरा घर

---

कॉकरोच जनता पार्टी का दावा

### वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक, पर सरकार आंदोलन नहीं रोक सकती

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।



पार्टी ने एक्स पोस्ट में बताया कि इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। फाउंडर अभिजीत दीपके ने एक्स पर कहा- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। सरकार तानाशाही कर रही- अभिजीत : सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते।

नक्सली इलाके में गुजारे तीन दशक

### बस्तर में आदिवासियों की सेवा पति-पत्नी को मिलेगा पद्मश्री

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय से आदिवासी समुदायों को



स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सहायता प्रदान कर रहे पति-पत्नी डॉ. रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले को 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 1990 में विवाह के तुरंत बाद गोडबोले दंपति बस्तर पहुंच गए और तब से उन्होंने अपना जीवन दुर्गम व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आदिवासी आबादी की सेवा में समर्पित कर दिया, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं या तो सीमित थीं या न के बराबर थीं। दंपति को पहले भी सामाजिक सेवा के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 2001 में पुणे के नाटू प्रतिष्ठान द्वारा दिया गया 'सेवा गौरव' पुरस्कार भी शामिल है।

---

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्च अधिक रहेंगे। मन अशान्त रहेगा।

**वृष** — मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** — व्यवहारिकता में कमी आ सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। आय में वृद्धि भी होगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। निराशा के भाव रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। उच्चशिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्च अधिक रहेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मीन** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उपहार में वस्त्र मिल सकते हैं।

---

गोयल ने कहा- विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करेंगे

# 33,660 करोड़ का बजट तय, 4 माह में राज्य आवेदन दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राज्यों को भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) के तहत 50 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का अवसर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 33,660 करोड़ का बजट तय किया है। राज्यों से आवेदन करने के लिए 4 महीने समय दिया है। यह पहल देश में विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करेगी।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च को देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने की इस योजना को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य लक्ष्य विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देना है।

**50** औद्योगिक पार्क पहले बनेंगे
**20** पार्क पहले 2 माह में बनेंगे
**30** पार्क इसके 2 माह बाद बनेंगे
**50** अंतिम चरण में होंगे स्थापित

### देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे

**चयन प्रक्रिया चुनौती विधि के माध्यम से होगी**




योजना के तहत 100 से 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रति एकड़ एक करोड़ तक की वित्तीय सहायता मिलेगी। पहाड़ी राज्यों के लिए 25 एकड़ भूमि पर भी पार्क होंगे।चयन प्रक्रिया चुनौती विधि से होगी। जो राज्य बेहतर सुविधाएं जैसे भूमि, पानी और बिजली देंगे, वे निवेशकों को आकर्षित कर पाएंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और हरियाणा जैसे राज्य इसमें गहरी रुचि दिखा रहे हैं।

**निजी साझेदारी का प्रावधान** — योजना में राज्यों के लिए निजी खिलाड़ियों के साथ साझेदारी का भी प्रावधान है। ऐसे प्रस्तावों के लिए केंद्र प्रति एकड़ 50 लाख की सहायता देगा।गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC. /84 BNSS** देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **दीपक कुमार, पुत्रः** आजाद, **पताः** म.नं. 652, पेट्रोल पंप के पास, गांव गुम्मर, गन्नौर जिला, सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR No.: 384/2020, U/s: 392/394/302/307/353/48 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दीपक कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दीपक कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 384/2020, U/s: 392/394/302/307/353/48 IPC, थानाः बवाना, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **दीपक कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2026.** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हरविंदर सिंह जौहल, एलडी.**
**सहायक विशेष मजिस्ट्रेट (उत्तर)**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6776/ON/2026**
**(Court Matter)**

---

## शब्द पहेली - 6235



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 6234 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |



### रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को पीएम मोदी ने दिए नियुक्ति पत्र

# देशभर के युवा 'विकसित भारत' की बढ़ती यात्रा को गति देने में अहम भूमिका निभा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 19वें रोजगार मेले में अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि भारत के युवा 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रही यात्रा को गति देने में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'रोजगार मेला' युवाओं को नए अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर के हजारों युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस उपलब्धि के लिए मैं सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

### पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से युवाओं से संवाद भी किया



प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया

### दुनिया भारत के युवाओं और टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित दिख रही

पीएम मोदी ने कहा कि अभी दो दिन पहले मैं पांच देशों की यात्रा करके लौटा हूं। कहने को तो ये सिर्फ पांच देशों की यात्रा थी, लेकिन इस दौरान मेरी दर्जनों देशों की बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर्स से बातें हुईं, विस्तार से चर्चा हुईं। इस दौरान हर जगह मैंने एक बात समान रूप से महसूस की है। दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है। आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है।

#### देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिलना चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले और उनका सामर्थ्य खिल उठे। साथ ही साथ, मैं चाहता हूं कि देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।

#### हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ये संकल्प, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज देश अलग-अलग क्षेत्र में निवेश कर रहा है और इस निवेश से देश के युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर बन रहे हैं।

#### एआई से लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी तक युवाओं को मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल (वाटर), कृषि और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग , नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और समुद्रीसहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बन। यूएई के साथ रणनीतिक ऊर्जा और तकनीकी साझेदारी पर विस्तार से बातचीत हुई।इटली से रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, विज्ञान और तकनीक जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के समझौते हुए। इन सभी समझौतों का लाभ भारत के युवाओं को मिलने वाला है।

### अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में बोले राहुल

# बदलने वाली है देश की सियासत जल्द ही सरकार 'घुटनों' पर होगी

- अल्पसंख्यकों के खिलाफ घटनाओं पर निडर हो आवाज उठाएं

अब सियासत का केंद्र अमीर-गरीब के बीच होगा न कि धर्म के आधार पर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी और सियासत का केंद्र अमीर-गरीब हो जाएगा। राहुल ने ये सारी बातें कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में कहीं। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में अल्पसंख्यक समाज से आने वाले कांग्रेस के करीब 50 नेता मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि इसी बैठक में राहुल ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है. आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी. सियासत का केंद्र हिंदू-मुसलमान नहीं, बल्कि अमीरी-गरीबी बनेगा।

#### पार्टी नेताओं को दिशा-निर्देश भी जारी किए

बताया जा रहा है कि राहुल ने पार्टी के नेताओं को निर्देश दिया है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाली घटनाओं पर निडर होकर आवाज उठाएं। कांग्रेस के रिसर्च डिपार्टमेंट के प्रमुख राजीव गौड़ा ने कहा कि आज भारत की जनता यह देख रही है और सोच रही है कि सबसे पहले 'शतक' कौन लगाएगा? पेट्रोल की कीमत या रुपया-डॉलर का भाव?

#### 'साझी शहादत-साझी विरासत' अभियान चलाएगी कांग्रेस

सांसद और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बैठक में कहा कि अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार के मामलों में उनकी टीम तत्काल क़ानूनी कार्रवाई के लिए तत्पर रहेगी। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की काट के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस आने वाले दिनों में 'साझी शहादत-साझी विरासत' के नाम से देशव्यापी अभियान चलाने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई। अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस अभियान की अगुवाई करेंगे।

### पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी

## अजय के साथ 30 समर्थकों पर एफआईआर, सौंपी 'पेन ड्राइव'

एजेंसी ▶▶ महोबा



जिले में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली नीट की तैयारी कर रही छात्रा से मिलने आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य और अधिवक्ता नीरज रावत की तहरीर पर अजय राय, बृजराज सिंह समेत 30 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

#### विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने वायरल वीडियो की पैन ड्राइव पुलिस को साक्ष्य के तौर पर सौंपी। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बाधा समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### दिल्ली में प्रदूषण कम करने की पहल

## कीर्तिनगर में पहली बार डस्ट कैचर मशीनें हवा साफ करेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के कीर्तिनगर में प्रदूषण कम करने पोल माउंटेड डस्ट कैचर मशीनें लगाई गई हैं। पहली बार इन मशीनों को लगाया है। प्रयोग के तौर पर अभी 21 मशीनें लगाई हैं। इसे स्ट्रीट लाइट के पोल में लगाया गया है। यह एक फिल्टर लेस मशीन है, जिससे धूल और धुआं दोनों साफ किया जा सकता है। एक मशीन 1 घंटे में 3 लाख लीटर हवा को शुद्ध करेगी।

#### हवा में मौजूद पोल्यूटेंट को करेंगी इकट्ठा

मशीन में एक बॉक्स लगा हुआ है, जिसमें हवा में मौजूद पोल्यूटेन्ट को इकट्ठा किया जाता है। जब इस बॉक्स में 2.5 किलो पोल्यूटेन्ट जमा हो जाता है तो कंट्रोल सेन्टर में संदेश चला जाता है। उसके बाद उस बॉक्स को बदल दिया जाता है। इसके बाद मशीन फिर से काम करने लगती है। जो इस मशीन के द्वारा जमा किया जाता है, उसे कम्प्रेस करके ईंट बना लिया जाता है।

### शुभेंदु ने पारदर्शिता लाने के कदम उठाए

## भर्ती परीक्षाओं में दी जाएंगी ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी

एजेंसी ▶▶ सियालदेह



पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने बड़ा कदम उठाया है। अब से परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सीएम अधिकारी ने मध्य कोलकाता के सियालदह में सरकार की ओर से आयोजित एक रोजगार मेले में यह घोषणा की।

#### हर गरीब को मिलेगा फ्री इलाज, खुलेगा एम्स

शुभेंदु ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ अहम वर्चुअल बैठक की। बंगाल की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 2103 करोड़ आवंटित किए गए। शुभेंदु ने कहा जुलाई से राज्य में आयुष्मान भारत कार्ड देने का काम शुरू हो जाएगा। नया एम्स भी खोला जाएगा। केंद्र ने बंगाल को 976 करोड़ रुपये दिए हैं। शनिवार को 500 करोड़ की राशि दे दी है। नया एम्स भी बनेगा।

### बच्ची का अपहरण और मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** कोयंबटूर की सुलूर पुलिस ने सुलूर के कन्नमपालयम के पास एक 10 वर्षीय बच्ची के अपहरण और हत्या के आरोप में शनिवार तड़के 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची गुरुवार शाम को अपने घर के पास एक किराने की दुकान पर गई थी। इसी दौरान आरोपी ने दोपहिया वाहन पर उसका अपहरण कर बाद में हत्या भी कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिअद में कलह तेज 3 गुटों में बंटी पार्टी



**खडूर साहिब।** 2027 के चुनावों में अपने बलबूते सरकार बनाने का दावा करते हुए शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आप छोड़कर आई रमनदीप कौर शेरों को खडूर साहिब का हलका इंचार्ज लगाया तो पार्टी में बखेड़ा पैदा हो गया। नतीजन शिअद तीन गुटों में बंट गया।


हरियाणा सरकार

Industrial Training Institute

कौशल से आत्मनिर्भरता
प्रशिक्षण से सफलता

प्रवेश सत्र
2026-27
सुरक्षित भविष्य की ओर पहला कदम



हरियाणा के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के दाखिले
02.06.2026 से शुरू







197 राजकीय व 180 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

योग्यता
8वीं, 10वीं, 12वीं पास

ट्रेड्स - इंजीनियरिंग व नॉन-इंजीनियरिंग की 89+ ट्रेड्स

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि
15.06.2026

सुविधाएं
- रियायती बस पास
- संस्थानों में नियमित जॉब मेलों का आयोजन
- आई.टी.आई. पास आउट को हरियाणा बोर्ड से 10वीं/12वीं की समकक्षता
- दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण सुविधा एवं 2000 रुपये प्रति माह की स्कॉलरशिप प्रशिक्षण के दौरान
- सेना भर्ती आई.टी.आई. पास को अतिरिक्त अंक
- उच्च शिक्षा/अप्रेंटिस/रोजगार के सुअवसर
- पासपोर्ट बनाने के लिए 1500 रुपये की एकमुश्त राशि
- अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा
- 1000 रुपये की निःशुल्क टूल किट अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए

महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं
- 36 सरकारी आई.टी.आई. केवल महिलाओं के लिए
- ट्यूशन फीस माफ
- 1000 रुपये की निःशुल्क टूल किट
- 2500 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि (3 लाख से कम वार्षिक आय वाली छात्राओं के लिए)

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें या वेबसाइट पर जाएं
www.admissions.itiharyana.gov.in

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
0172-2996321, 2997265


नजदीकी आई.टी.आई. संस्थान
www.itiharyana.gov.in

निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

**वर्तमान परिवेश में ऊर्जा संकट एक वैश्विक समस्या बनकर उभरा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल के दृष्टिगत अनेक देशों ने ऊर्जा संरक्षण के लिए वर्क फ्रॉम होम जैसे कई उपाय लागू किए हैं। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में जो निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, उसने इस विषय को महज एक प्रशासनिक चर्चा से उठाकर हर घर के बजट को झकझोरने वाला एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना दिया है। इस संकट से भारत भी अछूता नहीं हैं। भारत को अगर अपनी दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो उसे अपने संसाधनों की सीमाओं के भीतर ऊर्जा के उत्पादन, भंडारण और उसके उपयोग की पूरी व्यवस्था का पुनर्गठन करना होगा। इसके लिए देश के पास कई ठोस और दूरगामी विकल्प मौजूद हैं, जो हमें एक आयातक देश से बदलकर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकते हैं। चूंकि भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है। ऐसे में क्षैतिज ड्रिलिंग की दिशा में आगे बढ़ना कई मायनों में हितकारी साबित हो सकता है। भारत का तेल परिदृश्य केवल नए तेल कुओं को खोजने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कच्चे तेल पर से अपनी निर्भरता को घटाने यानी ऊर्जा संरक्षण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। *इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# ऊर्जा सुरक्षा : आत्मनिर्भरता ही है विकल्प



विश्लेषण
डॉ. चंद्र त्रिखा
वरिष्ठ स्तंभकार

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल के दृष्टिगत अनेक देशों ने ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिगत वर्क फ्रॉम होम जैसे कई उपाय लागू किए हैं। सदी के सबसे बड़े आर्थिक और औद्योगिक बदलाव के दौर से गुजर रहे भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा महज एक नीतिगत शब्द नहीं है, बल्कि यह देश की संप्रभुता, आर्थिक संवृद्धि और करोड़ों नागरिकों के जीवन स्तर से जुड़ा बुनियादी सवाल है। पारंपरिक तौर पर जब भी ऊर्जा सुरक्षा की बात आती है, तो हमारा ध्यान तुरंत कच्चे तेल के आयात को कम करने या खाड़ी देशों के अलावा अन्य देशों से आपूर्ति सुनिश्चित करने पर चला जाता है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीति की अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन के थपेड़ों के बीच, आयात का रुख बदलना एक तात्कालिक मरहम तो हो सकता है, स्थायी इलाज नहीं।**

वर्तमान परिवेश में हमें यह तथ्य स्वीकार करना होगा कि ऊर्जा संकट एक वैश्विक संकट है। इस संकट से उबरने के लिए आने वाले समय में हमें दीर्घकालीन योजनाओं के अंतर्गत नए विकल्पों की तलाश के साथ-साथ ऊर्जा संरक्षण जैसे उपायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इस ऊर्जा संकट को पश्चिम एशिया के संघर्ष ने और भी बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल के दृष्टिगत अनेक देशों ने ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिगत वर्क फ्रॉम होम जैसे कई उपाय लागू किए गए हैं। सदी के सबसे बड़े आर्थिक और औद्योगिक बदलाव के दौर से गुजर रहे भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा महज़ एक नीतिगत शब्द नहीं है, बल्कि यह देश की संप्रभुता, आर्थिक संवृद्धि और करोड़ों नागरिकों के जीवन स्तर से जुड़ा बुनियादी सवाल है। पारंपरिक तौर पर जब भी ऊर्जा सुरक्षा की बात आती है, तो हमारा ध्यान तुरंत कच्चे तेल के आयात को कम करने या खाड़ी देशों के अलावा अन्य देशों से आपूर्ति सुनिश्चित करने पर चला जाता है, लेकिन वैश्विक भू-राजनीति की अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन के थपेड़ों के बीच, आयात का रुख बदलना एक तात्कालिक मरहम तो हो सकता है, स्थायी इलाज नहीं।

## व्यवस्था का पुनर्गठन जरूरी

भारत को अगर अपनी दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो उसे अपने संसाधनों की सीमाओं के भीतर ऊर्जा के उत्पादन, भंडारण और उसके उपयोग की पूरी व्यवस्था का पुनर्गठन करना होगा। इसके लिए देश के पास कई ठोस और दूरगामी विकल्प मौजूद हैं, जो हमें एक आयातक देश से बदलकर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकते हैं। भारत के लिए सबसे क्रांतिकारी और दूरगामी विकल्पों में से एक हरित हाइड्रोजन है। पानी के अणुओं को सौर या पवन ऊर्जा की मदद से तोड़कर बनाई जाने वाली यह गैस शून्य कार्बन उत्सर्जन करती है। भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह भारी उद्योगों, जैसे इस्पात, सीमेंट और शोधन शालाओं तथा लंबी दूरी के परिवहन जैसे ट्रक, ट्रेन और जहाजों को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का एकमात्र व्यावहारिक विकल्प है, जहां सीधी बिजली या बैटरी काम नहीं आ सकती। चूंकि भारत में सौर ऊर्जा की प्रचुरता है, इसलिए हम दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने की क्षमता रखते हैं। यह न केवल हमारी घरेलू फैक्ट्रियों को चलाएगी, बल्कि भविष्य में भारत को ऊर्जा निर्यातक देशों की कतार में खड़ा कर सकती है।इसके साथ ही, भारत ने सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, लेकिन प्रकृति पर निर्भर होने के कारण ये स्रोत चौबीसों घंटे बिजली नहीं दे सकते। इस चुनौती से निपटने और नवीकरणीय ऊर्जा को देश की मुख्यधारा बनाने के लिए हमें पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज जैसी तकनीकों पर ध्यान देना होगा। यह एक विशाल प्राकृतिक बैटरी की तरह काम करता है। साथ ही, निरंतर आपूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा एक सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प है। हमें अपने घरेलू थोरियम आधारित परमाणु कार्यक्रम को गति देनी होगी ताकि कोयले पर निर्भरता को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां हर साल लाखों टन कृषि अवशेष और शहरों में ठोस कचरा पैदा होता है।



### हमें ये करने होंगे उपाय

- भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए हमें एक मिश्रित मॉडल अपनाना होगा।
- सौर, पवन, परमाणु, जैव-ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन से मजबूत तंत्र बनाएं।
- कचरे से गैस, धूप से बिजली और पानी से हाइड्रोजन निकालेंगे और अपनी गाड़ियां स्वदेशी बैटरियों से दौड़ाएंगे तो भारत की ऊर्जा संप्रभुता सच होगी।

## बायोगैस बनाने के संयंत्र

इन्हें अभिशाप मानने के बजाय ऊर्जा के स्रोत में बदलना भारत के लिए सबसे आसान विकल्प है। सतत योजना के तहत कचरे और गोबर से संपीडित बायोगैस बनाने के संयंत्र देश भर में लगाए जा रहे हैं। यह गैस सीधे प्राकृतिक गैस का स्थान ले सकती है। इससे न केवल शहरों का कचरा साफ होता है और किसानों की आय बढ़ती है, बल्कि देश के भीतर ही गैस का एक बड़ा भंडार तैयार हो जाता है, जो सीधे हमारी परिवहन व्यवस्था को गति देता है। सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का घरेलू बिजली पर स्थानांतरित होना भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता को सीधे चोट करता है। विद्युत वाहन क्रांति इसमें बड़ी भूमिका निभा रही है। दोपहिया और तिपहिया वाहनों के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही, लचीला ईंधन तकनीक एक बेहतरीन विकल्प है। एथेनॉल को पेट्रोल में बीस प्रतिशत तक मिलाने का लक्ष्य भारत तेजी से हासिल कर रहा है। चूंकि एथेनॉल देश के भीतर गन्ने और खराब अनाज से बनता है, इसलिए परिवहन में इसका बढ़ता उपयोग विदेशी ईंधन की जरूरत को घटाता है। ऊर्जा सुरक्षा का एक नियम यह भी है कि जितनी ऊर्जा बचाएंगे, उतनी ही कम ऊर्जा हमें बनानी पड़ेगी।

## बायोगैस बनाने के संयंत्र

भारत ने उजाला योजना के जरिए दुनिया का सबसे बड़ा ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम चलाया है। अब समय इसे अगले स्तर पर ले जाने का है, जिसके तहत मापन प्रणालियों के जरिए बिजली की बर्बादी को रोका जा सकता है और मांग के अनुसार आपूर्ति को वास्तविक समय में नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा नए बनने वाले व्यावसायिक और आवासीय भवनों में ऐसी रूपरेखा को अनिवार्य करना होगा जो प्राकृतिक रोशनी और हवा का अधिकतम उपयोग करें, जिससे वातानुकूलन की मांग खुद-ब-खुद कम हो जाए।वर्तमान नीतियां और तकनीकी नवाचार यह भरोसा जगाते हैं कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और आने वाले दशक में हम ऊर्जा के मामले में न सिर्फ सुरक्षित होंगे, बल्कि आत्मनिर्भरता के एक नए युग का सूत्रपात करेंगे।

# क्षैतिज ड्रिलिंग की दिशा में आगे बढ़ना लाभकारी



आर्थिकी
विनीत पाण्डेय
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में इस समय एक मूक क्रांति चल रही है। दुनिया का सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता और उत्सर्जक देश चीन, अपने पुराने और गहरे कोयला भंडारों से ऊर्जा निचोड़ने की एक बेहद आधुनिक तकनीक पर काम कर रहा है। हाल ही में चीनी सरकारी ऊर्जा कंपनियों ने गहरी कोयला परतों में फंसी मीथेन गैस को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर क्षैतिज ड्रिलिंग का व्यावसायिक इस्तेमाल शुरू किया है। इस तकनीक ने न केवल चीन के घरेलू गैस उत्पादन को बढ़ावा दिया है, बल्कि पूरी दुनिया के ऊर्जा विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या भारत को भी इस दिशा में गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है ?

## चीन अपना रहा कोल रॉक गैस तकनीक

पारंपरिक रूप से कोयले की परतों से जो गैस निकाली जाती है, उसे कोलबेड मीथेन कहा जाता है। भारत और चीन दोनों ही सालों से उथली खदानों से कोलबेड मीथेन निकाल रहे हैं। लेकिन चीन ने हाल ही में जिस तकनीक पर महारत हासिल की है, उसे कोल रॉक गैस कहा जा रहा है। ओर्डोस बेसिन के दाजी क्षेत्र में इसके बेहद सफल परिणाम मिले हैं, और चीन ने वहां सैकड़ों कुएँ खोदकर अरबों क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन शुरू कर दिया है। भारत वर्तमान में अपनी जरूरत का लगभग 50% प्राकृतिक गैस आयात करता है। लिक्विफाइड नेचुरल गैस के अंतरराष्ट्रीय दामों में उतार-चढ़ाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डालता है। चीन की तरह भारत के पास भी कोयले का विशाल भंडार है। इसलिए, भारत के लिए क्षैतिज ड्रिलिंग की दिशा में आगे बढ़ना कई मायनों में लाभकारी साबित हो सकता है। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है। दामोदर घाटी (झारखंड-पश्चिम बंगाल), सोन घाटी (मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) और गोदावरी घाटी (आंध्र प्रदेश-तेलंगाना) में गहरे कोयले के ऐसे ब्लॉक मौजूद हैं, जहां पारंपरिक खनन व्यावहारिक या आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। क्षैतिज ड्रिलिंग तकनीक के माध्यम से इन दुर्गम परतों से अरबों घन मीटर मीथेन गैस निकाली जा सकती है, जिससे भारत की गैस-आधारित अर्थव्यवस्था के सपने को उड़ान मिलेगी। भारत ने 2030 तक अपनी प्राथमिक ऊर्जा टोकरी में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 6.5% से बढ़ाकर 15% करने का लक्ष्य रखा है। यदि भारत घरेलू स्तर पर कोल रॉक गैस का उत्पादन शुरू कर देता है, तो उर्वरक उद्योग, सीएनजी वाहनों और पाइप्ड नेचुरल गैस के लिए विदेशों पर निर्भरता बेहद कम हो जाएगी। इससे विदेशी मुद्रा भंडार की भारी बचत होगी।

**भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है। दामोदर घाटी, सोन घाटी और गोदावरी घाटी (आंध्र प्रदेश-तेलंगाना) में गहरे कोयले के ऐसे ब्लॉक मौजूद हैं, जहां पारंपरिक खनन व्यावहारिक या आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है।**

## मीथेन गैस को बाहर निकालने पर सुरक्षा

भारतीय कोयला खदानों, विशेषकर झारखंड के झरिया और रानीगंज क्षेत्रों में, भूमिगत आग और मीथेन गैस के रिसाव के कारण होने वाले विस्फोट एक पुरानी समस्या रही है। यदि कोयला निकालने से पहले ही क्षैतिज ड्रिलिंग के जरिए उस क्षेत्र की मीथेन गैस को खींच लिया जाए तो खदानों के भीतर विस्फोट का खतरा लगभग शून्य हो जाता है। यह भारतीय खनिकों की सुरक्षा के लिए एक क्रांतिकारी कदम होगा। मीथेन एक बेहद खतरनाक ग्रीनहाउस गैस है, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वातावरण को कई गुना तेजी से गर्म करती है। इस गैस को क्षैतिज ड्रिलिंग से सुरक्षित निकालकर ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने से भारत को अपने नेट-जीरो लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी।चीन की सफलता यह साबित करती है कि यदि सरकारी नीतियों का समर्थन हो, तो भूवैज्ञानिक चुनौतियों को पार किया जा सकता है। भारत को भी इस दिशा में एक सोची-समझी रणनीति अपनानी होगी। आवश्यकतानुसार वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों को भारत में आमंत्रित किया जाना चाहिए, ताकि देश में तकनीक का हस्तांतरण हो सके। महानदी या दामोदर बेसिन के कुछ चुनिंदा ब्लॉकों को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुनकर वहां परीक्षण शुरू किए जाने चाहिए। चीन द्वारा कोयले की गहरी परतों में क्षैतिज ड्रिलिंग का सफल उपयोग यह दिखाता है कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा केवल नए संसाधनों को खोजने में नहीं, बल्कि मौजूदा संसाधनों के स्मार्ट दोहन में है। भारत अपने कोयला भंडारों को केवल 'प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन' के रूप में नहीं देख सकता। यदि सही नीति, विदेशी तकनीक और घरेलू इच्छाशक्ति का समन्वय हो, तो भारत भी अपनी गहरी कोयला खदानों से स्वच्छ ऊर्जा का अकूत भंडार निकाल सकता है। चीन के इस कदम से सीख लेते हुए भारत को बिना देर किए इस दिशा में अपने कदम बढ़ा देने चाहिए, क्योंकि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ही भविष्य की वास्तविक संप्रभुता है।

# पेट्रो उत्पाद भी जीएसटी के दायरे में हों




मंथन
डॉ. विजेंद्र कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

जहां विज्ञान की प्रगति ने 'भारत की पूरी धरती एक कुटुंब की तरह है' अवधारणा को सिद्ध कर दिया है, वही व्यक्ति और समष्टि के अंतरद्वंद्व के दूरगामी प्रभाव को भी हमें देखना होगा। आज के दौर में ईंधन केवल वाहनों को गति देने वाला माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था की रगों में दौड़ता हुआ रक्त है, जिसका सीधा नाता हर आम नागरिक की रसोई और उसकी आजीविका से है। वैश्विक ऊर्जा संकट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहराते तनावों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में जो अप्रत्याशित उछाल आया है, उसकी तपिश अब हमारे घरेलू बाजारों में भी साफ महसूस की जा रही है।

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में जो निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, उसने इस विषय को महज एक प्रशासनिक चर्चा से उठाकर हर घर के बजट को झकझोरने वाला एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना दिया है। जब भी पेट्रो पदार्थों के दाम बढ़ते हैं, तो उसकी पहली चोट आम आदमी की जेब पर लगती है। विकासशील देशों में माल की आवाजाही का एक बहुत बड़ा हिस्सा सड़क मार्ग पर निर्भर है, इसलिए जैसे ही डीजल के दाम बढ़ते हैं, वैसे ही ट्रकों और भारी वाहनों का किराया अपने आप बढ़ जाता है। इसका सीधा परिणाम यह होता है कि कारखानों में बनने वाले सामान से लेकर खेतों से मंडियों तक आने वाली फल-सब्जियों जैसी अनिवार्य वस्तुओं की ढुलाई बेहद महंगी हो जाती है। हमारा कृषि प्रधान समाज आज भी खेती की जुताई से लेकर फसलों की सिंचाई तक के लिए काफी हद तक डीजल पर निर्भर है। जब लागत और परिवहन दोनों महंगे हो जाते हैं, तो आटा, दाल, दूध, फल और सब्जियों के दाम आसमान छूने लगते हैं। ऐसे में एक सीमित आय वाले मध्यमवर्गीय परिवार या रोजाना कमाने-खाने वाले मजदूर के लिए अपनी थाली के पोषण और स्वाद को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी तरह दुपहिया वाहन, ऑटो या टैक्सी चलाकर परिवार का पेट पालने वाले चालकों के लिए यह समय किसी कड़ी परीक्षा से कम नहीं होता, क्योंकि ईंधन पर खर्च बढ़ने से उनकी रोज की कमाई का एक बड़ा हिस्सा तेल में ही जल जाता है और सवारी का किराया तुरंत बढ़ा पाना उनके बस में नहीं होता।

आर्थिक विश्लेषकों का भी स्पष्ट मानना है कि तेल की कीमतों में होने वाली मामूली वृद्धि भी देश की खुदरा महंगाई दर को सीधे ऊपर ले जाती है, जो महज कंपनियों के नफे-नुकसान का मामला नहीं, बल्कि सीधे तौर पर आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति और उसके जीवन स्तर पर किया गया प्रहार है। इस कठिन चक्रव्यूह से पार पाने के लिए तात्कालिक राहत और दूरगामी सोच, दोनों ही मोर्चों पर एक साथ कदम बढ़ाने होंगे, जहां शासन और समाज दोनों को मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रशासनिक स्तर पर देखें तो पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में केंद्र और राज्यों के करों यानी उत्पाद शुल्क और मूल्य संवर्धित कर की हिस्सेदारी काफी बड़ी होती है। संकट के इस दौर में सरकारों को लोक-कल्याणकारी कदम उठाते हुए टैक्स के बोझ को थोड़ा कम करना चाहिए, ताकि जनता को तुरंत राहत मिल सके। साथ ही देश में अरसे से यह मांग भी उठ रही है कि पेट्रो उत्पादों को भी वस्तु एवं सेवा कर के दायरे में लाया जाए, जिससे पूरे देश में करों की विसंगतियां समाप्त होंगी, कीमतों में स्थिरता आएगी और अप्रत्याशित उछाल से काफी हद तक बचा जा सकेगा। नीतियों के साथ-साथ सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी हमें अपनी आदतों को बदलना होगा। रोजमर्रा के सफर में हमें वाहनों को साझा करने की आदत डालनी होगी और जहां तक संभव हो, निजी गाड़ियों के बजाय मेट्रो, बसों या स्थानीय ट्रेनों का उपयोग करना होगा, जो न केवल हमारी जेब का बोझ हल्का करेगा, बल्कि देश के भारी-भरकम आयात बिल को भी कम करने में मदद करेगा। अब वह समय आ चुका है जब हमें बिजली से चलने वाले वाहनों और मिश्रित ईंधन तकनीकों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। पेट्रोल में कृषि अपशिष्ट से तैयार इथेनॉल के मिश्रण को और अधिक विस्तार देना भी एक बेहतरीन विकल्प है, जिससे हमारे खेतों के कचरे का सही उपयोग होगा, किसानों की आमदनी बढ़ेगी और विदेशी कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता भी कम होगी। प्रशासनिक ढांचे के अंतर्गत फिजूल खर्ची को रोक कर तर्कसंगत उपयोगिता प्रणाली को विकसित करना होगा तथा सरकारी संसाधनों की दुरुपयोग की अपनी मानसिकता को भी बदलना होगा।



**विकासशील देशों में माल की आवाजाही का एक बहुत बड़ा हिस्सा सड़क मार्ग पर निर्भर है, इसलिए जैसे ही डीजल के दाम बढ़ते हैं, वैसे ही ट्रकों और भारी वाहनों का किराया अपने आप बढ़ जाता है। इसका सीधा परिणाम यह होता है कि तमाम अनिवार्य वस्तुओं की ढुलाई बेहद महंगी हो जाती है।**


# रणनीतिक प्रबंधन दूर करेगा संकट



व्यवस्था
जूही पाठक
स्वतंत्र पत्रकार

भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और औद्योगिक प्रगति पूरी तरह से ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति पर टिकी हुई है। आज की तारीख में भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का लगभग पचासी प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है। यह भारी-भरकम आयात न केवल देश के राजकोषीय घाटे को प्रभावित करता है, बल्कि भारत की विदेश नीति और आर्थिक निर्णयों में भी बड़ी भूमिका निभाता है। ऐसे में इस बिन्दु पर विचार करना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि ईंधन व्यवस्था की दृष्टि से भारत के मौजूदा तेल स्रोत क्या हैं और आने वाले भविष्य में देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर क्या संभावनाएं और चुनौतियां छिपी हैं।

भारत का घरेलू तेल उत्पादन मुख्य रूप से तीन प्रमुख हिस्सों में बंटा हुआ है, जिनमें तटीय तेल क्षेत्र, उथले अपतटीय क्षेत्र और गहरे तथा अति-गहरे अपतटीय तेल क्षेत्र शामिल हैं। तटीय यानी जमीन पर स्थित तेल स्रोतों में राजस्थान का बाड़मेर ब्लॉक सबसे महत्वपूर्ण है, जहां मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या जैसे तेल क्षेत्र देश के घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा असम के डिगबोई, नाहरकटिया और मोरान-हुगरीजन जैसे पारंपरिक क्षेत्र आज भी देश को तेल की आपूर्ति कर रहे हैं, जबकि गुजरात का कैम्बे बेसिन और अंकलेश्वर भी प्रमुख ऑनशोर तेल स्रोत बने हुए हैं। उत्पादन का दूसरा हिस्सा उथले अपतटीय क्षेत्र हैं, जिनका सबसे बड़ा उदाहरण अरब सागर में स्थित मुंबई हाई है। यह बेसिन दशकों से देश के घरेलू उत्पादन की रीढ़ रहा है। तीसरा और सबसे आधुनिक हिस्सा गहरे तथा अति-गहरे अपतटीय तेल क्षेत्र हैं, जो मुख्य रूप से बंगाल की खाड़ी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन में स्थित हैं। यदि हम आने वाले दस से बीस वर्षों की ईंधन व्यवस्था पर नजर डालें, तो भारत का तेल परिदृश्य एक बहुत बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत मुख्य रूप से चार रणनीतिक मोर्चों पर आगे बढ़ रहा है, जिसमें सबसे पहला मोर्चा गहरे और अति-गहरे समुद्र में नए भंडारों की खोज का है। भारत सरकार ने अंडमान-निकोबार बेसिन, महानदी बेसिन और गहरे अरब सागर के विशाल क्षेत्रों को पुराने कड़े नियमों से मुक्त कर दिया है ताकि इन अनछुए क्षेत्रों का दोहन किया जा सके। दूसरा महत्वपूर्ण मोर्चा सामरिक तेल भंडारों का विस्तार है, ताकि अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक उथल-पुथल, युद्ध या आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की स्थिति में देश की ईंधन व्यवस्था ठप न हो। वर्तमान में विशाखापत्तनम, मंगलौर और पादुर में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के रूप में लाखों टन कच्चा तेल आपातकाल के लिए सुरक्षित रखा गया है और भविष्य की योजना के तहत ओडिशा के चंडीखोल तथा पादुर के दूसरे चरण में इस क्षमता को दोगुना किया जा रहा है। रणनीतिक स्तर पर तीसरा बड़ा बदलाव आयात का विविधीकरण है, जिसके तहत भारत किसी एक क्षेत्र या संगठन पर अपनी निर्भरता को समाप्त कर रहा है। भारत ने अपनी कूटनीतिक रणनीति बदलते हुए रूस, अफ्रीकी देशों और लैटिन अमेरिकी देशों से तेल का आयात बढ़ाना शुरू किया है, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर मोलतोल की शक्ति देता है और वैश्विक संकटों के प्रभाव से देश को सुरक्षित रखता है। भविष्य का चौथा और सबसे बड़ा कदम यह है कि भारत का तेल परिदृश्य केवल नए तेल कुओं को खोजने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कच्चे तेल पर से अपनी निर्भरता को घटाने यानी ऊर्जा संरक्षण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार, पेट्रोल में एथेनॉल ब्लेंडिंग, और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैसी नीतियां यह सुनिश्चित कर रही हैं कि भविष्य में परिवहन और उद्योगों के लिए कच्चे तेल की मांग को धीरे-धीरे कम किया जा सके। ईंधन व्यवस्था के दृष्टिकोण से भारत का भविष्य एक बेहद संतुलित रणनीति पर टिका है। एक तरफ जहां घरेलू स्तर पर गहरे समुद्र में नए कुओं की खोज और सामरिक तेल भंडारों को सुरक्षित करना देश की वर्तमान जरूरत है, वहीं दूसरी तरफ तेल पर निर्भरता हटाकर अक्षय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाना भारत का अंतिम लक्ष्य है। जब तक देश ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो जाता, तब तक कच्चे तेल के स्रोतों का रणनीतिक प्रबंधन ही भारत के विकास की रफ्तार को बनाए रखने की महत्वपूर्ण कुंजी है।




**भारत का घरेलू तेल उत्पादन मुख्य रूप से तीन प्रमुख हिस्सों में बंटा हुआ है, जिनमें तटीय तेल क्षेत्र, उथले अपतटीय क्षेत्र और गहरे तथा अति-गहरे अपतटीय तेल क्षेत्र शामिल हैं। तटीय यानी जमीन पर स्थित तेल स्रोतों में राजस्थान का बाड़मेर ब्लॉक सबसे महत्वपूर्ण है।**

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 14 | 7 | 6 | 15 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| लखनऊ | 14 | 4 | 10 | 8 |

**ऑरेंज कैप**



सांई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

**पर्पल कैप**



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

## सौडल ओपनः संधू ने बनाई कट में जगह, शर्मा चूके

एंटवर्प। भारतीय गोल्फर युवराज संधू (70-68) ने बेल्जियम के एंटवर्प के पास रिंकवेन इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में चल रहे सौडाल ओपन में कट हासिल किया लेकिन शुभंकर शर्मा (70-72) चूक गए। डीपी वर्ल्ड टूर पर पहली बार खेल रहे संधू ने पहले दिन तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं थी और तब वह संयुक्त 72वें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन किया तथा दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी के साथ 68 का स्कोर बनाया, जिससे वह संयुक्त 51वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### लखनऊ को सात विकेट से हराया, चहल-यानसन को 2-2 विकेट

# अय्यर के शतक से पंजाब जीता प्लेऑफ की उम्मीदें कायम



एजेंसी ⏭ लखनऊ

23 मई (भाषा) लखनऊ, 23 मई (भाषा) कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद 101 रन की शानदार पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़ते हुए शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को सात विकेट से करारी शिकस्त देकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्लेऑफ की दौड़ में अपनी उम्मीदें कायम रखीं। अय्यर ने 51 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा, जबकि प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में 69 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी कर एलएसजी के छह विकेट पर 196 रन के स्कोर को बौना साबित कर दिया। पंजाब किंग्स ने 12 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 200 रन बनाए। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने अपने सभी 14 लीग मुकाबले पूरे कर 15 अंक हासिल किए और अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। अब टीम को अपनी किस्मत जानने के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि रविवार को मुंबई में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। राजस्थान रॉयल्स यह मैच जीतती है तो टीम 16 अंकों के साथ चौथी टीम के रूप में प्लेऑफ में पहुंचेगी। राजस्थान अगर यह मैच हारती है तो पंजाब किंग्स की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें काफी बढ़ जायेंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (13 अंक) रविवार को दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। राजस्थान के हारने की स्थिति में उसके पास भी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका होगा लेकिन पंजाब किंग्स का नेट रनरेट काफी बेहतर है। बेंगलुरु, हैदराबाद और गुजरात टाइटंस पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं।

**लखनऊ-196/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इंग्लिस का अय्यर बो शशांक | 72 |
| अर्शिन का प्रभसिमरन बो ओमरजई | 00 |
| निकोल्स पूरन बो यानसेन | 02 |
| आयुष स्टं. प्रभसिमरन बो चहल | 43 |
| ऋषभ पंत का यानसेन बो चहल | 26 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 |
| मुकुल का स्थानापन्न (पी दुबे) बो यानसेन | 01 |
| अर्जुन तेंदुलकर नाबाद | 05 |

अतिरिक्तः 10
कुल योगः 20 ओवर में छह विकेट पर 196
विकेट पतनः 1-16, 2-20, 3-69, 4-134, 5-169 , 6-172
गेंदबाजीः अर्शदीप 3-0-52-0, ओमरजई 3-0-29-1, यानसेन 4-0-33-2, चहल 4-0-25-2, वैशाख 3-0-26-0, शशांक 3-0-29-1

**पंजाब-200/3 (18)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का अर्जुन बो शमी | 00 |
| प्रभसिमरन सिंह पगबाधा अर्जुन | 69 |
| कूपर कोनोली बो शमी | 18 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 101 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 09 |

अतिरिक्तः 03
कुल योगः 18 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन
विकेट पतनः 1-0, 2-22, 3-162
गेंदबाजीः शमी 4-0-45-2, प्रिंस 3-0-32-0, मोहसिन 4-0-48-0, राठी 3-0-39-0, अर्जुन 4-0-36-1

## प्लेऑफ पर आरआर की नजर जीत भरी विदाई चाहेगी एमआई

**मैचः आज दोपहर 3.30 बजे से**



मुंबई। राजस्थान रॉयल्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को होने वाले लीग चरण के अपने अंतिम मैच में जीत हासिल करके इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुंबई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है और वह जीत के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगा लेकिन राजस्थान रॉयल्स के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है, जिसमें जीत पर वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन जाएगी।

## केकेआर को प्लेऑफ की आस दिल्ली से आज कांटे का मुकाबला

**मैचः शाम 7.30 बजे से**



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग की मौजूदा सत्र के अंतिम लीग मैच में जब आमने-सामने होंगे तो उन्हें प्लेऑफ की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मौजूदा स्थिति के अनुसार छठे स्थान पर काबिज केकेआर और आठवें स्थान पर चल रही दिल्ली की टीम अगर मगर के समीकरणों से अभी भी प्लेऑफ का अंतिम स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं, लेकिन यह भी हो सकता है कि रविवार को मुकाबला शुरू होने से पहले ही यह मैच महज औपचारिकता बन जाए। प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में फिलहाल सबसे आगे चल रही पंजाब किंग्स शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी।



## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड रवाना हुई महिला टीम, स्क्वाड में शामिल 15 खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने से इंग्लैंड की मेजबानी में शुरू होने जा रहे आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो चुकी है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में विमेन इन ब्लू को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां से वे इतिहास रचने के इरादे से इंग्लैंड के लिए उड़ान भर चुकी हैं। यह महिला टी20 विश्व कप का दूसरा ऐसा सीजन है, जिसमें 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 6-6 के दो ग्रुपों में बांटा गया है। इस टूर्नामेंट का आगाज 12 जून से होगा, जहां उद्घाटन मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से एजबेस्टन के मैदान पर होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले से करेगी।

**टूर्नामेंट का आगाज 12 जून से होगा**

## सुपर शतरंज क्लासिकः प्रज्ञानानंदा ने गिरि को बराबरी पर रोका, कीमर ने खिताब जीता



बुकारेस्ट। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शनिवार को यहां अंतिम दौर में अनीश गिरि के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलकर अपने अभियान का समापन किया, जबकि विन्सेंट कीमर ने जोरडेन वान फोरेस्ट को हराकर सुपर शतरंज क्लासिक का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतिम दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना के साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहे कीमर के पास खिताब जीतने का शानदार मौका था और उन्होंने वान फोरेस्ट को पराजित कर इसे भुना लिया। कीमर ने प्रतियोगिता का समापन छह अंकों के साथ किया। उन्होंने चार जीत, चार ड्रॉ और केवल एक हार का सामना किया। कारुआना ने मैक्सिम वाशिये-लाग्रेव के खिलाफ ड्रॉ खेला और 5.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिका के वेस्ली सो ने अंतिम दौर में सिंदारोव के साथ आसान ड्रॉ खेला और दोनों पांच-पांच अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।



## भारत के नाम पांच पदक, चार हरियाणा के पहलवानों ने जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में पहले दिन भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच पदक जीते। यह प्रतियोगिता वियतनाम के दा नांग में आयोजित की जा रही है। इसमें भारत के खिलाड़ियों ने दो रजत और तीन कांस्य सहित पांच पदक जीते है। इसमें 60 किलोग्राम में रोहतक के सूरज ने और 67 किलोग्राम में पंजाब के सागर सिंह ने रजत पदक जीता। वहीं, 77 किलोग्राम में हिसार सचिन ने, 97 किलोग्राम में हिसार के रोहित ने और 130 किलोग्राम में झज्जर के हरदीप ने कांस्य पदक जीता। सूरज, सचिन और रोहित रोहतक के मेहर सिंह अखाड़ में कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करते हैं। कोच रणबीर ढाका ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। भारत का ग्रीको-रोमन अभियान रविवार को विभिन्न भार वर्गों में होने वाले क्वालिफिकेशन मुकाबलों के साथ फिर से शुरू होगा। नीरज 55 किलोग्राम श्रेणी में चुनौती की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद 63 किलोग्राम वर्ग में सुमित और 87 किलोग्राम श्रेणी में रोहित अपना दमखम दिखाएंगे।


**अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप**

### सूरज की उपलब्धियां

वर्ष 2022 अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। 2022 अंडर-17 नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2023 अंडर-17 में एशिया चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2023 अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2024 अंडर-23 एशिया चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2024 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया। 2024 में नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता व सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2025 अंडर-20 नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

### रोहित की उपलब्धियां

2024 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2024 में एशियन जूनियर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2024 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया था। अप्रैल में आयोजित जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2025 अंडर-23 एशियन प्रतियोगिता में भाग लिया था। 2025 जूनियर एशियन में रजत पदक जीता। 2025 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया।






## खबर संक्षेप

### राजौरी में आतंकियों संग मुठभेड़, अभियान जारी



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में तलाशी अभियान के बाद शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इलाके में दो से तीन आतंकवादियों की गतिविधियों का संदेह था। व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर खुफिया जानकारी पर आधारित एक संयुक्त अभियान के दौरान राजौरी के गंभीर मुगलन इलाके में आतंकवादियों के साथ आमना सामना हुआ। सैनिकों ने त्वरित कार्रवाई के साथ जवाब दिया। 'ऑपरेशन शेरुवाली' जारी है।

### मेजर अभिलाषा बराक यूएन अवॉर्ड से सम्मानित



**न्यूयॉर्क।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवारत भारतीय शांतिरक्षक, मेजर अभिलाषा बराक को विश्व संस्था द्वारा प्रतिष्ठित 'यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है। उन्हें पश्चिम एशियाई देश में तैनाती के दौरान महिलाओं और किशोरियों के साथ संपर्क कायम करने और सामुदायिक गतिविधियों तथा शांतिरक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। बराक संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान में महिला सहभागिता दल की कमांडर के रूप में भारतीय बटालियन में कार्यरत हैं।

### ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका?

# ट्रंप अचानक व्हाइट हाउस लौटे सैन्य अधिकारियों की छुट्टियां रद्द

व्हाइट हाउस में ईरान पर 'फ्रेश राउंड' स्ट्राइक की योजना तैयार की जा रही है। अगर अगले 24 घंटे में कोई बड़ा कूटनीतिक समझौता नहीं हुआ,तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े सैन्य ऑपरेशन को मंजूरी दे सकते हैं

- ईरान ने अपना पूरा हवाई क्षेत्र बंद किया
- ईरान ने कई देशों से की हालात को लेकर बातचीत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना वीकेंड गोल्फ कार्यक्रम अचानक रद्द कर दिया और वे तुरंत व्हाइट हाउस लौट आए। इसके साथ कई वरिष्ठ प्रशासनिक और सैन्य अधिकारियों ने अपने निर्धारित अवकाश और छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस फैसले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर कई तरह की अटकलें तेज हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस में ईरान पर 'फ्रेश राउंड' स्ट्राइक की योजना तैयार की जा रही है। अगर अगले 24 घंटे में कोई बड़ा कूटनीतिक समझौता नहीं हुआ,तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े सैन्य ऑपरेशन को मंजूरी दे सकते हैं। अमेरिकी हमले की आशंका के बीच ईरान ने अपना पूरा हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इस कदम को साफ संकेत माना जा रहा है कि ईरान भी किसी बड़े टकराव की आशंका देख रहा है।



डोनाल्ड ट्रंप मोजतबा खामेनेई

### यूएस को अधिक कड़ा जवाब देंगे: गालिबाफ

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने अमेरिका को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उसने फिर से युद्ध शुरू करने की गलती की, तो उसे पहले से कहीं अधिक कड़ा जवाब झेलना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं संघर्ष विराम के दौरान अपनी क्षमताओं को और मजबूत कर चुकी हैं। ईरानी सेना किसी भी आक्रामक कदम का कड़ा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। हम पर दोबारा हमला किया गया तो अमेरिका का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

### अमेरिका को हमारी मांगें माननी होंगी

ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलई-निक ने कहा कि ट्रंप के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इजराइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

### अराघची से मिले आसिम मुनीर

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच शुक्रवार देर रात तक बातचीत चली, जिसमें पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने के लिए जारी कूटनीतिक प्रयासों और नई पहलों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की।

### इवांका की हत्या की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप की हत्या की योजना बनाई गई थी। इस मामले में गिरफ्तार इराकी नागरिक मोहम्मद बाकेर साद दाऊद अल-सादी पर आरोप है कि वह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ा हुआ था।

### ट्रंप और कतर के अमीर थानी के बीच फोन पर बातचीत

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर अहम बातचीत हुई। बातचीत का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करना और स्थिरता बनाए रखना था। खासतौर पर पाकिस्तान की उस भूमिका पर चर्चा हुई।



शिरडी में साईं बाबा की पूजा करते रक्षा मंत्री

### शिरडी से रक्षा क्षेत्र में नए युग की शुरुआत

## राजनाथ सिंह ने किया आधुनिक मिसाइल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के शिरडी में एक आधुनिक मिसाइल कॉम्प्लेक्स और आर्टिलरी शेल प्रोडक्शन लाइन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की बढ़ती सैन्य ताकत और भविष्य के बड़े लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत को दुनिया में केवल हथियारों का खरीदार यानी आयातक माना जाता था। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि अगले 25 से 30 वर्षों में भारत को दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश बनने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया।

कहा- 30 साल में भारत सबसे बड़ा हथियार निर्यातक होगा

### भारत में प्रतिभा की कमी नहीं

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में प्रतिभा और साहसी लोगों की कोई कमी नहीं है। हमारे लोगों को बस सही अवसरों की जरूरत है। उद्यमी गणेश निबे ने उन्हें जानकारी दी कि इस नई यूनिट को स्थापित करने में राज्य सरकार ने बहुत सहयोग दिया है। गणेश निबे ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि भारतीय उद्यमी बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि शिरडी की इस पवित्र और आध्यात्मिक भूमि से एक नए युग की शुरुआत हो रही है। यह भारत की रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का एक सुनहरा अध्याय है।

### सीएम फडणवीस की प्रशंसा की

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने महाराष्ट्र सरकार और देवेंद्र फडणवीस के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब से देवेंद्र फडणवीस ने जिम्मेदारी संभाली है, महाराष्ट्र विकास की राह पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अच्छे शासन, शांति और स्थिरता के माहौल ने महाराष्ट्र को विकास के नए शिखर पर पहुंचाया है।


## गुजरात में साइबर अपराध के 900 से अधिक केसों में संलिप्तता के आरोप में 13 लोग गिरफ्तार

**गांधीनगर।** गुजरात की साइबर पुलिस ने देशभर में दर्ज साइबर अपराध के 982 मामलों में संलिप्तता के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों में पीड़ितों के साथ कुल 631.86 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का अनुमान है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजदीप सिंह जाला ने बताया कि 'ऑपरेशन म्यूल हंट 2.0' के तहत अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, भरूच और राजकोट से 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के साथ राज्य के साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीसीई) ने एक बड़े साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दिया। जाला के मुताबिक, आरोपियों को चार अलग-अलग मामलों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

## नेपाल के कई जिलों में लू की चेतावनी

**काठमांडू (भाषा)।** दक्षिण-पश्चिम नेपाल के कई जिलों में शनिवार से सोमवार तक अत्यधिक उच्च तापमान के साथ ही पश्चिमी तराई क्षेत्रों में लू चलने का अनुमान जताया गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) द्वारा जारी एक नोटिस में चेतावनी दी गई है कि लुम्बिनी और सुदूर पश्चिम प्रांतों के कुछ क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच सकता है। नोटिस में कहा गया है कि दोनों प्रांतों के कुछ हिस्सों में लू चलने की आशंका है। साथ ही छह जिलों - बांके, डांग, बर्दिया, डोटी, कैलाली और कंचनपुर - के लोगों को उच्च तापमान और लू के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुदूर पश्चिम और लुम्बिनी में गर्मियों के दौरान तापमान आमतौर पर 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है।

## हेमकुंड साहिब में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली में भारी बर्फबारी और भीषण मौसम के कारण सर्दियों में बंद रहे विश्व प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब जी के कपाट खुलने के बाद श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ रहा है। हिमालय की दुर्गम बर्फीली चोटियों के बीच स्थित इस पवित्र धाम के कपाट पूरे विधि-विधान के साथ खोल दिए गए हैं। मौसम की चुनौतियों और 15,000 फीट की अत्यधिक ऊंचाई के बावजूद, भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुद्वारा साहिब को फूलों और रंग-बिरंगी पताकाओं से सजाया गया है। हेमकुंड साहिब यात्रा का मुख्य बेस कैंप गोविंदघाट है।

### स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने किया ऐलान

## दिल्ली के मानकों के अनुरूप बनेंगे देश के एम्स संस्थान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि सभी एम्स संस्थान दिल्ली-एम्स के मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि एम्स को देश भर के अन्य मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए मार्गदर्शक बनने में सक्षम बनाया जाए। नड्डा ने राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड (एनबीईएमएस) के 23वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 20वीं शताब्दी के अंत तक देश में केवल एक एम्स था, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छह अन्य एम्स स्थापित किए गए। उन्होंने कहा, ₹तब से 16 नए एम्स जोड़े गए हैं, जिससे देश भर में एम्स की कुल संख्या 23 हो गई है।


### नहीं थम रहा रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष

## पुतिन का आरोप: स्टारोबिल्स्क में बेबस बच्चों पर हमला, यह अमानवीय आतंक

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को लुहांस्क के स्टारोबिल्स्क में एक कॉलेज पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। राष्ट्रपति पुतिन ने इसे एक 'आतंकी हमला' करार देते हुए कहा कि कीव की सत्ता पर काबिज 'नियो-नाजी शासन' ने जानबूझकर एक स्टूडेंट हॉस्टल को निशाना बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन का मौजूदा प्रशासन लगातार नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है।

### कीव ने कूटनीतिक कोशिशें कमजोर की



व्लादिमीर पुतिन

राष्ट्रपति पुतिन ने जोर देकर कहा कि हमला रात में हुआ, जब स्टूडेंट्स सो रहे थे। बेबस बच्चों के खिलाफ खुला, अमानवीय आतंक फैलाना, हथियारों से होने वाली लड़ाई का एक नया अध्याय है, जिसे कीव शासन शुरू कर रहा है, जिसे लड़ाई के मैदान में हार का सामना करना पड़ा।

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूसी तेल डिपो में लगी आग

यूक्रेन द्वारा शुक्रवार रात ड्रोन से किए गए हमले में रूस के एक और तेल टर्मिनल में आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से एक तेल टर्मिनल में आग लग गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। ड्रोन ने शेस्खारिस तेल टर्मिनल और डिपो पर हमला किया, जो सरकारी कंपनी ट्रांसनेफ्ट का है।

## चीन का नया चंद्र मिशन दक्षिणी ध्रुव पर करेगा पर्यावरण व संसाधन संबंधी सर्वेक्षण

**बीजिंग (एजेंसी)।** इस साल के आखिर के लिए प्रस्तावित चीन का चंद्र अन्वेषण मिशन चांग'ई-7 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पर्यावरण और संसाधन संबंधी सर्वेक्षण करेगा। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह मिशन कक्षीय परिक्रमा, 'लैंडिंग', 'रोविंग' और 'हॉपिंग' को शामिल करते हुए एक व्यापक अन्वेषण दृष्टिकोण अपनाएगा। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के लिए लक्षित यह रोबोटिक मिशन पानी-बर्फ की खोज करेगा और भविष्य में एक शोध आधार स्थापित करने की दृष्टि से उस क्षेत्र का आकलन करेगा। झांग ने बताया कि अप्रैल में 'चांग'ई-7' यान को दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान के प्रक्षेपण स्थल पर पहुंचाया गया, जहां प्रक्षेपण-पूर्व तैयारियां की जा रही है और सभी संबंधित कार्य योजना के अनुसार सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023 में भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के उस क्षेत्र के करीब सफलतापूर्वक उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना गया था, जहां अब तक बहुत कम खोजबीन हुई है। प्रज्ञान' रोवर को साथ लेकर गया चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था।

## ठाणे एवं नवी मुंबई पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 24 नाइजीरियाई पकड़े

**ठाणे (महाराष्ट्र) (भाषा)।** ठाणे जिले के डोम्बिवली में शनिवार को तलाशी अभियान के दौरान सात महिलाओं समेत कुल 24 नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण जोन के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंदे ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह अभियान खोनी पालावा क्षेत्र में चलाया गया। उन्होंने कहा, '' क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के बारे में मिली गुप्त सूचनाओं के आधार पर ठाणे और नवी मुंबई की पुलिस ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। कुल 24 नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया गया, जिनमें 13 पुरुष, सात महिलाएं, तीन नाबालिग लड़के और एक नाबालिग लड़की हैं।'' उन्होंने बताया कि उनके पासपोर्ट और वीजा जैसे दस्तावेज की गहन जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सफलता नवी मुंबई के वाशी थाने में चल रही एक जांच से जुड़े फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे दो साल के व्यापक समन्वित प्रयास का हिस्सा है।

## वायु सेना के 'गरुड़' बल के जवानों के प्रशिक्षण का सफल समापन

### गरुड़ प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रवीणता बैज प्रदान किए

## चांदीनगर में मैरून बेरेट की औपचारिक परेड, विजेताओं को प्रदान की ट्रॉफियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायु सेना के 'गरुड़' बल के विशेष बलों के जवानों के प्रशिक्षण के सफल समापन के उपलक्ष्य में, 23 मई 2026 को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (जीआरटीसी), वायु सेना स्टेशन चांदीनगर में मैरून बेरेट औपचारिक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एवीएम राहुल गुप्ता, एसीएएस ऑपरेशन (अंतरिक्ष) ने परेड का निरीक्षण किया। गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।



'गरुड़' बल बंधक बचाव का प्रदर्शन करते हुए

### बदलते समय में कौशल को निखारने पर जोर

मुख्य अतिथि एवीएम राहुल गुप्ता ने गरुड़ कमांडो को उनकी सफल पासिंग आउट पर बधाई दी। उन्होंने युवा कमांडो को संबोधित करते हुए तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप कठोर प्रशिक्षण और विशेष बलों के कौशल को निखारने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सफल गरुड़ प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रवीणता बैज और विशेष बल टैब प्रदान किए और पुरस्कार विजेताओं को ट्रॉफियां वितरित की।

### विभिन्न कौशल का प्रदर्शन



पासिंग आउट समारोह के दौरान, 'गरुड़ों' ने युद्धक फायरिंग, बंधक बचाव, फायरिंग ड्रिल, विस्फोटक सामग्री का उपयोग, बाधा पार करना, दीवार पर चढ़ना, रेंगना, रस्सियों से उतरना और सैन्य मार्शल आर्ट जैसे विभिन्न कौशल का प्रदर्शन किया।

### ऑपरेशन सिंदूर में निभाई अहम भूमिका

मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़ों' के लिए गौरव और उपलब्धि का क्षण होता है। यह एक अत्यंत कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयुक्त परिणति और विशिष्ट 'गरुड़' बल में शामिल 'युवा विशेष बल संचालकों' के रूप में उनके परिवर्तन का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु सेना के विशेष बलों की भूमिका को देखते हुए, हाल ही में पास आउट विशेष बल संचालक नए विशेष अभियानों को अंजाम देने के लिए भारतीय वायु सेना की क्षमता को और मजबूत करेंगे।

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान बोले

## भविष्य के युद्ध बहु-क्षेत्रीय होंगे मनोवैज्ञानिक तरीके से लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ शिरडी



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भविष्य के युद्ध बहु-क्षेत्रीय होंगे, जहां लड़ाइयां भूमि, समुद्र, वायु और साइबर क्षेत्र के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से भी लड़ी जाएंगी।

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के शिरडी में एक रक्षा विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के अवसर पर जनरल चौहान ने कहा कि आधुनिक युद्ध केवल जनशक्ति, पारंपरिक हथियारों या प्लेटफॉर्म-केंद्रित अभियानों पर आधारित नहीं हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, रोबोटिक्स, साइबर प्रणालियां, स्वायत्त प्लेटफॉर्म, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सटीक मारक क्षमता वाले हथियार और सूचना प्रभुत्व भविष्य के युद्धों को निर्णायक आकार देंगे। जनरल चौहान ने कहा कि प्रौद्योगिकी, गति और नवाचार आने वाले दिनों में अभियानों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण निर्धारक तत्व होंगे। भविष्य के युद्ध बहु-क्षेत्रीय होंगे, जहां लड़ाइयां भूमि, समुद्र, वायु और साइबर क्षेत्र के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से भी लड़ी जाएंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28